प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



“ऑपरेशन टाइगर”-शिंदे का “मास्टर स्ट्रोक” पेज- 2

पेज- 8 पट्टी शाह मर्डर : 14 को सजा ए उम्र कैद, 38-38 हजार का जुर्माना

वर्ष : 15 अंक : 179 | शनिवार 20 जून, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

# ग्रेट निकोबार परियोजना की पर्यावरण मंजूरी और पारदर्शिता पर जयराम रमेश ने उठाए सवाल

(एजेंसी) नई दिल्ली। ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को लेकर कांग्रेस और केंद्र सरकार के बीच विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। कांग्रेस महासचिव और पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने शुक्रवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर परियोजना से जुड़े पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) और निगरानी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना के विभिन्न पहलुओं का आकलन पर्याप्त नहीं है और पर्यावरण मंत्रालय के निर्धारित मानकों से काफी कम है। यह पत्र पिछले कुछ वर्षों में दोनों नेताओं के बीच इस परियोजना को लेकर हुए पत्राचार की कड़ी में नया अध्याय माना जा रहा है। जयराम रमेश ने अपने पत्र में लिखा कि तीन जून 2026 को भेजे गए उनके पत्र के जवाब में 13 जून को पर्यावरण मंत्री की ओर से जो प्रतिक्रिया मिली, वह संतोषजनक नहीं थी। उन्होंने कहा कि ग्रेट निकोबार परियोजना से जुड़े पर्यावरणीय अध्ययन और प्रभाव आकलन कई मामलों में अधूरे हैं और मंत्रालय द्वारा तय किए गए दिशा–निर्देशों के अनुरूप नहीं हैं। रमेश के अनुसार, उन्होंने पहले भी कई पत्रों में इन मुद्दों को विस्तार से उठाया था, लेकिन अब तक उन्हें कोई ठोस और सार्थक जवाब नहीं मिला है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि परियोजना को मिली पर्यावरण मंजूरी के तहत हर छह महीने में अनुपालन रिपोर्ट सार्वजनिक करना अनिवार्य है, लेकिन मार्च 2024 के बाद से ऐसी कोई रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि परियोजना निगरानी समिति की बैठकों का विवरण कई महीनों की देरी के बाद वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं। उनका कहना है कि पर्यावरण मंजूरी के बाद जिन संरक्षण और शमन योजनाओं को 15 दिनों के भीतर सार्वजनिक किया जाना था, वे अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। जयराम रमेश ने कहा कि भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई), सलीम अली पक्षीविज्ञान एवं प्राकृतिक इतिहास केंद्र (सैकॉन), भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई), भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (बीएसआई), राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान (एनआईओ), भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम) और अंडमान–निकोबार वन विभाग सहित कई संस्थानों को विभिन्न अध्ययन और शमन योजनाएं तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इन संस्थानों की कई रिपोर्टें और संशोधित प्रस्ताव अब तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इससे उनकी विश्वसनीयता और पर्याप्तता पर सवाल खड़े होते हैं। कांग्रेस नेता का कहना है कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार परियोजना से संबंधित कम से



कम 12 महत्वपूर्ण अध्ययन अभी भी अधूरे हैं या लंबित हैं। उनका दावा है कि इससे यह स्पष्ट होता है कि पर्यावरण मंजूरी जल्दबाजी में प्रदान की गई थी। उन्होंने विशेष रूप से प्रवाल भित्तियों (कोरल रीफ) के बड़े पैमाने पर स्थानांतरण की योजना को अव्यावहारिक बताते हुए कहा कि इस तरह के उपाय व्यवहारिक रूप से लगभग असंभव हैं और इनके सफल होने की संभावना बहुत कम है। जयराम रमेश ने कहा कि जिन रिपोर्टों और अध्ययनों को सार्वजनिक करने की मांग की जा रही है, उनका राष्ट्रीय सुरक्षा या रणनीतिक हितों से कोई टकराव नहीं है। इसके बावजूद उन्हें सार्वजनिक न करना समझ से परे है। उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना से जुड़े दस्तावेजों को छिपाने के लिए असामान्य स्तर की गोपनीयता बरती जा रही है। उनके अनुसार, सरकार के जवाबों से पर्यावरणीय प्रभावों और पारिस्थितिकी पर पड़ने वाले संभावित असर को लेकर उठ रहे सवालों का समाधान नहीं हुआ है। कांग्रेस ने हाल ही में भी इस परियोजना को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की थी। पार्टी का कहना है कि गलाथिया खाड़ी में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट पोर्ट से क्षेत्र की संवेदनशील पारिस्थितिकी को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है और प्रवाल भित्तियों का बड़े पैमाने पर विनाश होने की आशंका है। जयराम रमेश ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी दो पत्र लिखकर आईएनएस बाज रनवे के विस्तार से जुड़े फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी इस परियोजना को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठा चुके हैं। उनका आरोप है कि सरकार रक्षा और बंदरगाह विकास का तर्क देकर वास्तव में निजी हितों को बढ़ावा देना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि यह परियोजना एक कारोबारी समूह को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आगे बढ़ाई जा रही है, जिससे क्षेत्र की बहुमूल्य पारिस्थितिकी को नुकसान होगा। राहुल गांधी ने हाल ही में अंडमान–निकोबार की अपनी यात्रा पर आधारित एक वीडियो जारी कर लोगों से पर्यावरण संरक्षण के समर्थन में अभियान से जुड़ने की अपील भी की थी। केंद्र सरकार की ग्रेट निकोबार परियोजना के तहत एक अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, नागरिक–सह–नौसेना हवाई अड्डा, नया टाउनशिप और बिजली संयंत्र विकसित करने की योजना है। सरकार इसे सामरिक और आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना मानती है, जबकि विपक्ष इसके पर्यावरणीय प्रभावों और पारिस्थितिक जोखिमों को लेकर लगातार सवाल उठा रहा है।

# योगी ने मुनिसुव्रतनाथ पंचकल्याणक महोत्सव में लिया भाग

## कहा- ‘भगवान ऋषभदेव धरती के पहले राजा, उन्हीं के पुत्र से पड़ा भारत नाम’

(एजेंसी) अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भगवान ऋषभदेव दिगंबर




जैन तीर्थ में आयोजित भगवान मुनिसुव्रतनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शिरकत की। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान ऋषभदेव दिगंबर और जैन परंपरा को कोटि–कोटि नमन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, "आज यहां शामिल होकर मुझे बेहद आनंद का अनुभव हो रहा है। मैं भगवान ऋषभदेव दिगंबर और उनकी परंपरा को कोटि–कोटि नमन करता हूं। आदिनाथ से चली यह परंपरा कहीं और की नहीं है। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान ऋषभदेव ही हैं और यही उनकी पावन भूमि भी है। योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि भगवान ऋषभदेव इस धरती के पहले राजा हैं। अयोध्या का राजा पूरी दुनिया का और पूरी धरती का राजा होता था। उन्होंने बताया कि भगवान ऋषभदेव धरती के पहले राजा हैं और उन्हीं के पुत्र भगवान जड़भरत के नाम पर हमारे देश का नाम ‘भारत’ पड़ा है।मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम में शामिल होने से अयोध्या के जैन तीर्थ क्षेत्र में भक्तों और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखा गया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में पहुंचकर भगवान श्री राम की पूजा–अर्चना की। मुख्यमंत्री योगी ने रामलला विराजमान के दर्शन किए और विशेष विधि–विधान से पूजन–अर्चना की। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति के साथ आराधना की।

# जियो प्लेटफॉर्म्स सेबी के समक्ष दाखिल करेगा आईपीओ दस्तावेज : मुकेश अंबानी

(एजेंसी) नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल सेवा इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स शुक्रवार को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष आईपीओ लाने के लिए दस्तावेज दाखिल करेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी की 49वीं वार्षिक आम बैठक में यह जानकारी दी। विश्लेषकों का अनुमान है कि जियो का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अब तक का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम हो सकता है, जिसका संभावित मूल्यांकन 130द्द180 अरब अमेरिकी डॉलर के बीच आंका जा रहा है। मुकेश अंबानी ने कहा, मेरे प्रिय शेयरधारकों, मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि जियो प्लेटफॉर्म्स के निदेशक मंडल ने आईपीओ दस्तावेज को आज मंजूरी दे दी। इसे आज ही सेबी के समक्ष दाखिल किया जाएगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज



के पास जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जेपीएल) की 66.43 प्रतिशत हिस्सेदारी है। शेष 33.57 प्रतिशत में से मेटा और गूगल की संयुक्त हिस्सेदारी 17.71 प्रतिशत है।

# राहुल गांधी के एक हाथ में फरसा, दूसरे में संविधान...यूथ कांग्रेस ने गंगा घाट पर अनोखे अंदाज में मनाया जन्मदिन

(एजेंसी) वाराणसी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी आज अपना 56वां जन्मदिन मना रहे हैं। वाराणसी में यूथ कांग्रेस ने अनोखे अंदाज में अपने नेता राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया है। एक पोस्टर में राहुल गांधी को भगवान परशुराम के अवतार के रूप में दर्शाया गया है। उनके एक हाथ में फरसा है और दूसरे हाथ में संविधान की किताब है। गंगा घाट पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उनके पोस्टर को दूध से नहलाया जा रहा है। वाराणसी में राहुल गांधी के जन्मदिन का ये अंदाज सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी के साथ वायरल है। वाराणसी पीएम मोदी का संसदीय क्षेत्र है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी वाराणसी से ही लोकसभा के प्रत्याशी रहे हैं। राजनीति में वैसे भी प्रतीकों का हमेशा से बड़ा महत्व रहा है। इसलिए राहुल गांधी के इस



अंदाज में जन्मदिन से बड़ा संदेश देने की कोशिश की गई है। कांग्रेस नेता और समर्थक उन्हें सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करने वाले योद्धा के रूप में देख रहे हैं। पोस्टर में भगवान परशुराम का अवतार दर्शाकर राहुल गांधी की योद्धा वाली छवि दिखाने की कोशिश की है। इसके साथ ही ब्राह्मण राजनीति को भी साधने का प्रयास दिखता है। राहुल गांधी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के मुद्दों पर भी मुखर होकर बोलते रहते हैं। पदयात्रा से लेकर विरोध–प्रदर्शन और बड़े मंचों पर अक्सर उनके हाथ में संविधान की प्रति देखी जा जाती है। जन्मदिन पोस्टर में भी राहुल गांधी के हाथ में संविधान की किताब है। कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता राहुल के इस अंदाज से खासे प्रभाविन नजर आ रहे हैं।

# 56 साल के हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पीएम मोदी ने दी बधाई, कांग्रेस नेता खरगे ने लिखा भावुक पोस्ट

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर शुक्रवार को उन्हें बधाई दी और कहा कि वह सत्ता के सामने निर्भीक होकर सच कहते हुए समाज के सबसे कमजोर और हाशिए पर खड़े लोगों के अधिकारों और हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। राहुल गांधी का जन्म 19 जून, 1970 को नयी दिल्ली में हुआ था। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की ज्येष्ठ संतान हैं। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सदस्य और निचले सदन में नेता प्रतिपक्ष हैं। वह पिछले 22 वर्षों से सक्रिय राजनीति में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल कांधी को उनके जन्मदिन के मौके पर शुक्रवार को शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ एवं लंबी उम्र की कामना की। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर राहुल गांधी को शुभकामनाएं देते हुए लिखा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी को उनके जन्मदिन पर बहुत–बहुत शुभकामनाएँ। उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूँ। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया,राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक




शुभकामनाएं। संविधान के आदर्शों के प्रति आपकी अटूट निष्ठा और वंचित एवं अनसुनी आवाजों के लिए आपका अडिग संघर्ष लाखों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। समावेशिता, सामाजिक न्याय, सद्भाव और करुणा की कांग्रेस पार्टी की गौरवशाली परंपरा आपके सार्वजनिक जीवन और नेतृत्व में स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित होती है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच राहुल गांधी के निरंतर संवाद और सत्ता से निर्भीक होकर सच कहने के साहस के माध्यम से आपने सदैव समाज के सबसे कमजोर और हाशिए पर खड़े लोगों के अधिकारों और हितों की सशक्त पैरवी की है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ईश्वर से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, सुख, शक्ति और राष्ट्रसेवा के लिए दीर्घायु जीवन प्रदान करें। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा, बहुत कम नेताओं ने इतने लंबे समय तक इतनी कटुता भरी आलोचना और इतने लंबे समय तक निरंतर सार्वजनिक जांच परख का सामना किया है। ऐसी परिस्थितियों में अधिकतर लोग सार्वजनिक जीवन से पीछे हट जाते। लेकिन उन्हें कमजोर करने का हर प्रयास मानो उनके संकल्प को और दृढ़ करता गया, उनकी राजनीति को और परिपक्व बनाता गया, और जनता से उनके संबंध को और गहरा करता गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने एक्स पर पोस्ट किया, विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। युवा, महिलाओं और वंचित वर्गों के धुर समर्थक राहुल आज पूरे भारत में उन लोगों की सशक्त आवाज बन चुके हैं, जिनकी आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है। उन्होंने कहा कि संविधान के मूल्यों, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के प्रति राहुल गांधी की अटूट प्रतिबद्धता लाखों लोगों को निरंतर प्रेरित करती है। गहलोत ने कहा, मैं उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्रसेवा के लिए अटूट संकल्प और ऊर्जा की कामना करता हूं।

# पुणे में स्वयंभू बाबा पर महिला से 15 साल तक रेप का आरोप: पीड़िता बोली- करंट लगाया, यूरिन पिलाता था

(एजेंसी) पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में एक स्वयंभू बाबा की हैरान कर देने वाली करतूत सामने आई है। पुलिस ने खुद को भगवान का अवतार बताने वाले 59 वर्षीय राधामोहन मिश्रा और उसके सात साथियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि बाबा ने एक महिला का 15 सालों तक यौन शोषण किया, उसे पति से तलाक लेने पर मजबूर किया, चोरी करवायी और यहां तक कि उसे बिजली के झटके भी दिए। गिरफ्तार आरोपितों में छह महिलाएं और एक पुरुष सहयोगी 58 वर्षीय कंवल नयन शामिल है। अदालत ने सभी आरोपितों को 20 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, हरियाणा निवासी राधामोहन मिश्रा पिछले आठ वर्षों से पुणे में रह रहा था और स्वयं को दिव्य अवतार बताकर लोगों को अपने प्रभाव में लेता था। शिकायतकर्ता महिला भी मूल रूप से हरियाणा की रहने वाली है। स्वयंभू बाबा पिछले 15 वर्षों से महिला का लगातार दुष्कर्म किया, उसे शारीरिक यातनाएं दीं और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। इतना ही नहीं, उसने महिला को अपना मूत्र पीने के लिए मजबूर किया, पति से तलाक लेने के लिए दबाव बनाया और उसकी संपत्ति अपने नाम करवा ली। पुलिस के अनुसार, स्वयंभू बाबा पुणे के वाघोली इलाके के उबाले नगर में एक तथाकथित मॉडर्न गुरुकुल चलाता था। जांच में सामने आया है कि वह लंबे समय से लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनका शोषण कर रहा था। पीड़ित महिला करीब 2010 में उसके संपर्क में आई थी। धीरे–धीरे बाबा ने महिला को उसके परिवार और रिश्तेदारों से अलग कर दिया। आरोप है कि इस दौरान बाबा ने महिला के साथ मारपीट की, उसके अश्लील वीडियो भी रिकॉर्ड किए। बाद में इन्हीं वीडियो के जरिए वह महिला को ब्लैकमेल करता रहा। बाबा अपने कथित चमत्कारों



और दिव्य शक्तियों का डर दिखाकर महिला और उसके परिवार को धमकाता था। पुलिस को यह भी पता चला है कि आरोपित ने गिरफ्तारी से बचने के लिए आश्रम में एक भूमिगत सुरंग बनवाने की योजना बनाई थी, जिस पर काम चल रहा था। जांच में यह भी सामने आया है कि राधामोहन और उसके सहयोगियों ने अपने अनुयायियों को यह विश्वास दिलाया कि वह भगवान का पुनर्जन्म है। इसी अंधविश्वास का फायदा उठाकर उसने महिला को अपने जाल में फंसाया था। महिला की शिकायत पर छापेमारी के दौरान पुलिस को आश्रम के एक भूमिगत कमरे से बड़ी मात्रा में संदिग्ध और आपत्तिजनक सामान मिला। वहां से 12 लैपटाप, 11 मोबाइल फोन, 19 हार्ड ड्राइव, कई पेन ड्राइव और कैसेट बरामद किए गए। इसके अलावा 6.5 लाख रुपये नकद, करीब 15 लाख रुपये के गहने और बड़ी मात्रा में दवाइयां भी मिली हैं। पुलिस ने इलेक्ट्रानिक उपकरणों को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। खड़की पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में यौन उत्पीड़न, आपराधिक साजिश तथा महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन कानून सहित विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस का मानना है कि जांच आगे बढ़ने पर और पीड़ित सामने आ सकते हैं। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और संभावित अन्य पीड़ितों की तलाश भी जारी है।

# तपिश के बीच दिल्लीवालों के लिए खुशखबरी, आज बरस सकते हैं बादल, आईएमडी का अलर्ट जारी

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार सुबह आंशिक रूप से बादल छाए रहे और इस दौरान न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 0.5 डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी के लिए श्येलो अलर्टश जारी किया है। विभाग के अनुसार, दोपहर और शाम के वक्त गरज–चमक के साथ हल्की बारिश होने तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, शुक्रवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। पालम में न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.4 डिग्री कम है। वहीं, लोधी रोड केंद्र पर न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो मौसमी औसत से 0.8 डिग्री कम है। रिज क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.3 डिग्री कम है, जबकि अयानगर में यह 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.6 डिग्री अधिक है। आईएमडी के अनुसार, दिन में तेज सतही हवाएं चलने की भी संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार सुबह नौ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 126 दर्ज किया गया, जो श्मध्यमश श्रेणी में आता है।

# सम्पादकीय

## खुद को डील मास्टर कहने वाले ट्रंप की खुल गई पोल

ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौता हो चुका है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने समझौते पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। इस डील के बाद अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि ईरान जब तक डील को पूरी तरह नहीं मानता, तब तक उन्हें इसका फायदा नहीं मिलेगा.। अमेरिका से ईरान को एक पैसा नहीं मिलेगा। सारे पत्ते हमारे पास हैं, पूरी तरह पालन न करने तक ईरान को इसका कोई फायदा नहीं होगा। जेडी वेंस ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ईरान की परमाणु और सैन्य क्षमता तबाह हो चुकी है। वेंस ने समझौते के शुरुआती फायदे गिनाते हुए कहा कि इस डील का अमेरिकी लोगों को असली फायदा हुआ है। बीती रात 12.5 मिलियन बैरल तेल होर्मुज स्ट्रेट से गुजरा। यह जंग शुरू होने के बाद से सबसे ज्यादा है। तेल की कीमतें लगभग युद्ध से पहले के लेवल पर आ गई हैं। युद्ध के बाद पहली बार आज गैस की कीमतें 4 डॉलर प्रति गैलन से नीचे आ गईं। तेल की कीमतें अभी और गिरेंगी हैं। वहीं अब बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तो जैसा कि उल्लेखनीय है कि अमेरिका और ईरान का युद्ध खत्म हुआ। दोनों के बीच डील हुई, डील पर मुहर भी लग गई। लेकिन सबसे बड़ा सवाल अब यह है कि 110 दिनों की इस जंग में जीत किसकी हुई? जमीन पर मुकाबला चाहे कुछ भी रहा हो, ईरान को डील में ऐसे आर्थिक फायदे मिल गए हैं जिनकी वह युद्ध से पहले उम्मीद भी नहीं कर रहा था। होर्मुज पर टोल वसूलने का मौका मिल गया है, हर तरह के प्रतिबंध हटने वाले हैं, अरबों डॉलर की जब्त हुई संपत्तियों तक पहुंच और 300 बिलियन डॉलर के निवेश की संभावनाएं भी। उसे बदले में बस एक पुराना वादा फिर से दोहराना है। इन सबने यह बहस छेड़ दी है कि कहीं यह समझौता ईरान के लिए युद्ध के बाद का जैकपॉट तो नहीं बन गया है। चलिए इस संपादकीय में डालते हैं एक नजरः– ईरान को ट्रंप ने अपने हाथों से होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से टोल वसूलने की छूट दे दी है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने भी अमेरिका से डील साइन होने के बाद कह दिया है कि भले अमेरिका के साथ हुए समझौते के अनुसार 60 दिन तक कोई टोल नहीं लिया जाएगा, लेकिन उसके बाद हॉर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से ईरान टोल वसूलेगा। 4 प्वाइंट के इस समझौते में अमेरिका ने ईरान के लिए टोल वसूलने का रास्ता खोल दिया है। इसके 5वें प्वाइंट में लिखा है कि 60 दिन बाद ओमान के साथ मिलकर ईरान होर्मुज को मैनेज करने का नया नियम–कायदा बना सकता है। ईरान का स्टैंड साफ है– अब वह होर्मुज से टोल वसूलेगा, जबकि जंग से पहले ऐसा नहीं था। इस डील के प्वाइंट नंबर 7 के अनुसार अमेरिका ईरान के खिलाफ सभी आर्थिक प्रतिबंधों को समाप्त कर देगा। इनमें यूएनओ सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों में शामिल और अमेरिका द्वारा एकतरफा लागू किए गए प्रतिबंध भी शामिल हैं। ईरान पर लगे प्रतिबंध हटने से वहां की कंपनियां और बैंक दुनिया के बाकी देशों के साथ व्यापार खुलकर कर सकेंगे। डील के 11वें प्वाइंट के अनुसार अमेरिका दुनिया भर के बैंकों में जब्त ईरान के 100 अरब डॉलर से ज्यादा के फंड (फ्रोजन एसेट) को मुक्त कर देगा। यह पूरी तरह साफ नहीं है कि यह कब और कितनी मात्रा में होगा, लेकिन समझौते में कहा गया है कि ईरान की फ्रीज की गई रकम और संपत्तियां उसके केंद्रीय बैंक के उपयोग के लिए पूरी तरह उपलब्ध कराई जाएंगी। ईरानी मीडिया और एनालिस्ट का अनुमान है कि ईरान की 124 अरब डॉलर से 167 अरब डॉलर तक की संपत्तियां विदेशों में जब्त हैं। सबसे अहम और तुरंत असर वाली बात यह है कि इस समझौते से ईरान की इकनॉमी का सबसे बड़ा सहारा फिर से चालू हो जाएगा– तेल बेचना। अब जब प्रतिबंध हटा दिए गए हैं, तो ईरान अपने तेल टैंकरों में जमा करोड़ों बैरल तेल को खुले तौर पर बेच सकता है। एक अनुमान के अनुसार ईरान रोज करीब 20 लाख बैरल तेल भी बेच सकेगा। यह युद्ध से पहले की बिक्री से लगभग एक–तिहाई ज्यादा है। सबसे खास बात है कि कोई प्रतिबंध नहीं है तो यह बिक्री कानूनी और खुलकर होगी, इसलिए ईरान को तेल सस्ते दामों पर बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ईरान सरकार की लगभग 50 प्रतिशत कमाई तेल बेचकर होती है. यानी ईरानी सरकार की चांदी होने वाली है। समझौते के छठे प्वाइंट में कहा गया है कि अमेरिका और उसके क्षेत्रीय पार्टनर ईरान को फिर से खड़ा करने और उसके आर्थिक विकास के लिए कम से कम 300 अरब डॉलर की योजना तैयार करेंगे। इस योजना का अंतिम खाका समझौते के 60 दिनों के भीतर तय किया जाएगा। इस निवेश योजना के लिए सभी जरूरी मंजूरियां, छूट और लाइसेंस अमेरिका खुद देगा। यहां ध्यान रहे कि इसका मतलब यह नहीं है कि अमेरिका ईरान को सीधे पैसा देगा। अमेरिका की तरफ से आलोचनाओं के बीच बार–बार साफ कहा गया कि अमेरिका को ईरान को एक पैसा भी देने की जरूरत नहीं होगी और न ही वह इस फंड में पैसा डालेगा. कहा गया कि अगर ईरान समझौते की शर्तों का पालन करता है, तो यूएई जैसे पार्टनर देश की कंपनियां अमेरिका की मंजूरी से ईरान में निवेश करेंगी। ईरान को बहुत ज्यादा नहीं करना है। उसे भी अमेरिका की तरह जंग को हर मोर्चे पर रोक देना है। एक दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करना है। डील के अनुसार ईरान परमाणु हथियार न खरीदने या न बनाने पर सहमत हो गया है। यहां ध्यान रहे कि ईरान शुरू से ही कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम नागरिक उद्देश्यों के लिए है, उसे हथियार नहीं बनाना. ईरान ने यही वादा फिर से दोहराया है।



नफीस जाफरी

## “ऑपरेशन टाइगर”-शिंदे का “मास्टर स्ट्रोक”



गुलफिशा खान

महाराष्ट्र की सियासत में एक बार फिर बड़ा भूचाल आ चुका है और इस बार भी निशाना बना है उद्धव ठाकरे का खेमा। साल 2022 के नाटकीय घटनाक्रम की यादें ताजा करते हुए, शिवसेना (यूबीटी) के 9 में से 6 लोकसभा सांसदों ने एक बेहद गोपनीय ऑपरेशन के तहत बगावत का बिगुल फूंक दिया है। इस पूरे सियासी ड्रामे की शुरुआत बीते मंगलवार, 16 जून को हुई, जब स्थानीय खुफिया तंत्र और मुंबई के मीडिया को पूरी तरह चकमा देकर 6 सांसद महाराष्ट्र के अलग–अलग शहरों से चुपचाप रवाना हो गए। सूत्रों के मुताबिक, इन सांसदों को चार्टर्ड विमानों के जरिए दिल्ली लाया गया। दिल्ली के सियासी गलियारों में हलचल न बढ़े, इसलिए रणनीति के तहत इन्हें दिल्ली के किसी होटल में रोकने के बजाय सीधे उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित एक बेहद सुरक्षित और आलीशान होटल में ठहराया गया। इस पूरे ऑपरेशन को ऑपरेशन टाइगर का नाम दिया जा रहा है, जिसकी भनक उद्धव खेमे को तब तक नहीं लगी। जब तक कि सांसद मुंबई की पहुंच से दूर नहीं हो गए। विदित हो कि महाराष्ट्र की सियासत में इन दिनों ऑपरेशन टाइगर सबसे बड़ी चर्चा का विषय बना हुआ है। यह सिर्फ दलबदल या जोड़–तोड़ की कोई सामान्य प्रक्रिया नहीं है, बल्कि एकनाथ शिंदे की वो महत्वाकांक्षी और रणनीतिक चाल है, जिसके जरिए वो महायुति के भीतर अपनी राजनीतिक हैसियत को एक नए मुकाम पर पहुँचाने की मंशा रखते हैं। ऑपरेशन टाइगर का बड़ा उद्देश्य उद्धव ठाकरे गुट और कांग्रेस के बचे–खुचे मजबूत नेताओं, सांसदों और विधायकों को अपने पाले में लाना है। यह ऑपरेशन रातों–रात नहीं हुआ। इसकी नींव पिछले कई महीनों से गुपचुप तरीके से रखी जा रही थी। इस ऑपरेशन की सुगबुगाहट काफी समय से थी, लेकिन यह खुलकर बीते साल 20 से 24 जनवरी के बीच सामने आया, जब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उद्योग मंत्री उदय सामंत दावोस वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम गए हुए थे। उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने दावा किया था कि एकनाथ शिंदे और उदय सामंत के बीच फूट पड़ने वाली है और सामंत 20 विधायकों के साथ अलग हो सकते हैं। इस दावे से भड़के उदय सामंत ने ऐलान किया कि उनके और शिंदे के बीच कोई फूट नहीं है, बल्कि इसके उलट वे ऑपरेशन टाइगर चला रहे हैं और इसके तहत आने वाले कुछ ही दिनों में उद्धव गुट के कई पदाधिकारी, पूर्व विधायक और सांसद शिंदे की शिवसेना में शामिल होंगे। यह कोशिशें महायुति सरकार बनने के बाद से ही चल रही थीं। अब 6 सांसदों के अलावा चर्चा उद्धव की पार्टी के 20 में से कुल 16 विधायकों को तोड़ने की भी है! शिंदे खुद को और अपनी पार्टी को महाराष्ट्र में बाल ठाकरे की असली शिवसेना के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। पहले चरण में कोंकण और पश्चिम महाराष्ट्र, और उसके बाद उत्तर महाराष्ट्र, विदर्भ और मराठवाड़ा में शिंदे अपनी पार्टी का जनाधार बढ़ाना चाहते हैं। उद्धव ठाकरे के इर्द–गिर्द बचे मजबूत चेहरों को तोड़कर उन्हें मनोवैज्ञानिक और संख्यात्मक रूप से कमजोर करना खास लक्ष्य दिखता है। दिलचस्प ये है की महाराष्ट्र में कोई भी बड़ा राजनीतिक फेरबदल बिना दिल्ली हाईकमान खासकर अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सहमति के संभव नहीं है। सांसदों को तोड़ने के लिए उन्हें टिकट की गारंटी और भविष्य की सुरक्षा का भरोसा देना पड़ता है। एकनाथ शिंदे के दिल्ली दौरों और शीर्ष नेतृत्व अमित शाह से सीधे संपर्क का मुख्य उद्देश्य क्या इसी गारंटी पर मुहर लगवाना था? हाल के महीनों में एकनाथ शिंदे के लगातार और





अचानक होने वाले दिल्ली दौरों को लेकर कई कयास लगाए जा रहे थे। अब यह साफ है कि ये दौरे महज प्रशासनिक या रूटीन नहीं थे, बल्कि ऑपरेशन टाइगर की ब्लूप्रिंट दिल्ली दरबार में ही फाइनल की जा रही थी। शिंदे सांसदों को तोड़ने और उन्हें सेटल करने के लिए केंद्रीय नेतृत्व के आशीर्वाद की जरूरत थी, जो खबर है कि सीधे अमित शाह से बातचीत के बाद ही संभव हो सका। भाजपा मंत्री गिरीश महाजन ने भी ऑपरेशन टाइगर की पुष्टि करते हुए पहले कहा था कि जो नेता आ रहे हैं, उनका भरोसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे पर है। यह स्पष्ट करता है कि यह पूरा ऑपरेशन दिल्ली और भाजपा के पूर्ण समर्थन से चला। पाला बदलने वाले नेताओं के मन में सबसे बड़ा डर अपने राजनीतिक भविष्य और केंद्रीय एजेंसियों की जांच का होता है। उद्धव गुट के नेताओं का पेंच यह था कि क्या उन्हें महायुति जहां पहले से ही भाजपा, शिंदे और अजित पवार गुट हैं उसमें अपनी जगह और क्या उन्हें विकास कार्यों के लिए फंड मिलेगा? आरोप लगे कि उद्धव गुट में नेताओं को विकासात्मक और संगठनात्मक ताकत नहीं मिल रही थी। चर्चा गर्म है कि शिंदे गुट और भाजपा ने इन नेताओं को उनके क्षेत्रों के लिए भारी फंड, रुके हुए प्रोजेक्ट्स को मंजूरी और सुरक्षित राजनीतिक भविष्य का भरोसा दिया। ये भी तय है की ऑपरेशन टाइगर के सफल होने के बाद तो महायुति में एकनाथ शिंदे का कद भी कई गुना बढ़ जाएगा, सांसदों की संख्या बढ़ने से वे भाजपा और अजित पवार गुट के सामने अपनी शर्तें मजबूती से रख सकेंगे। यह साबित कर देंगे कि वे केवल भाजपा के सहारे नहीं हैं, बल्कि उनके पास अपना एक मजबूत जनाधार और नेताओं को आकर्षित करने की क्षमता है। ऑपरेशन टाइगर के सफल होने का सीधा असर महायुति के आंतरिक समीकरणों पर पड़ेगा.।अब तक शिंदे को भाजपा के आश्रित के तौर पर देखने की जो राजनीतिक धारणा थी, वह टूट जाएगी। मजबूत संख्या बल के साथ शिंदे अब गठबंधन में अपनी शर्तें मनवाने की स्थिति में शायद दिखेंगे। महायुति में अजित पवार गुट की एंट्री के बाद शिंदे गुट में जो असहजता थी, वह इस ऑपरेशन से दूर हो सकती है। सांसदों की बढ़ती फौज शिंदे को गठबंधन का बड़ा क्षेत्रीय चेहरा बना देगी। उद्धव को फिर तोड़ने की ये कोशिश शिंदे को महाराष्ट्र की राजनीति में एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित करेगी जिसे अब दिल्ली भी नजरअंदाज नहीं कर सकती। ऑपरेशन टाइगर केवल सांसदों को जोड़ने की कवायद नहीं थी, बल्कि यह एकनाथ शिंदे का अपना राजनीतिक वजूद कायम करने और महायुति की ड्राइविंग सीट पर बैठने का एक मास्टरस्ट्रोक साबित करने की बड़ी कोशिश रही। कुल मिलाकर शिंदे की नजर केवल मौजूदा राजनीतिक समीकरणों पर नहीं बल्कि 2029 विधानसभा चुनाव से पहले बिग ब्रदर भाजपा के साथ सीट बंटवारे में अपनी स्थिति और मजबूत करना भी है। और फायदा एनडीए के खाते में इस तरह से पहुंचेगा कि एनडीए सरकार लोकसभा में भविष्य के महत्वपूर्ण विधेयकों, विशेष रूप से डिलिमिटेशन से जुड़े प्रस्तावों को लेकर अपनी संख्या और मजबूत कर पाएगी, अगर उद्धव गुट के सांसद एनडीए के समर्थन में आते हैं, तो एनडीए को बड़ी मदद मिलेगी.।

## राम मंदिर-कौन रखता है दान का हिसाब किताब



फरीद वारसी

अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चल रहे विवाद के बीच मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की ट्रस्ट सदस्यता पर सवाल उठाया है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के लिए चंदा देने वाले करोड़ों लोगों की तरह वे भी ट्रस्ट से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों से चिंतित हैं। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त का ट्रस्ट का सदस्य होना भी चर्चा का विषय है। इस बयान के बाद राम मंदिर ट्रस्ट और उससे जुड़े विवाद एक बार फिर राजनीतिक बहस के केंद्र में आ गए हैं। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राम मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले लोग ट्रस्ट से जुड़े आरोपों को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के लिए देशभर के लोगों ने श्रद्धा और विश्वास के साथ दान दिया था, इसलिए ट्रस्ट से जुड़ी किसी भी प्रकार की वित्तीय गड़बड़ी की खबर चिंता का विषय है। विदित हो कि राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला पूरे देश में चर्चा में है। एसआईटी ने मामले में जांच तेज कर दी है। मंदिर ट्रस्ट के ऑडिट डिपार्मेंट से लेकर एसबीआई की शाखा तक सभी से पूछताछ की जा रही है। रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और गोपाल राय ये दो नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है। क्योंकि दोनों मुख्य रूप से राम मंदिर में आने वाले चढ़ावे से जुड़े थे। अब ये सभी सवालों के घेरे में हैं। जिनको लेकर कुछ अहम खुलासे भी हो रहे हैं। इसके अलावा एसआईटी ने 11 लोगों से पूछताछ भी की थी। जिनमें से कई लोगों के पास बड़ी संपत्ति मिली है। इसके अलावा राम मंदिर में चढ़ावा अलग–अलग हिस्सों से आता है। ऐसे में उसकी भी जांच हो रही है। माना जा रहा है कि एसआईटी की आगे की जांच में और तथ्य सामने आ सकते हैं। यहां यह बताते चले कि राम मंदिर में अलग–अलग जगहों से दान आता है। प्रवेश मार्ग से लेकर मंदिर में भगवान के सामने और निकास द्वार पर लगभग 4 दर्जन से अधिके दान पत्र रखे गए हैं। जहां पर लोग अपनी सुविधा अनुसार दान करते हैं। कुछ लोग जो दान पत्र में दान नहीं करते हैं वो छोटे और बड़े धन को ट्रस्ट के कार्यालय में जाकर दान करके दान प्राप्त की रसीद लेते हैं। वहीं कुछ लोग दान पात्र में गुप्त दान करते हैं। जो पैसा गुप्त दान के जरिए प्राप्त होता है, जो की नगद धनराशि सोने चांदी के रूप में होती है। वह पैसा सभी बॉक्स से निकाल के एक जगह पर जोड़ा जाता है और बड़े हाल में बैठकर के उसकी गिनती होती है। यह पैसा भीड़ के ऊपर डिपेंड करता है कि कितनी चढ़ावा धनराशि आ रही है कभी–कभी यह धनराशि कई लाख तक पहुंच जाती है। जबकि कभी यह धन राशि दो–तीन लाख तक ही रह जाती है। पैसा स्टेट बैंक की तरफ से नामित एजेंसी और ट्रस्ट के कुछ भरोसेमंद कर्मचारियों के देखरेख में गिना जाता है। जिसका सारा लेखा–जोखा लेकर के प्रतिदिन स्टेट बैंक में यह पैसा जमा हो जाता है। इसके लिए लगभग दो दर्जन लोग इस सिस्टम में लगे हुए हैं और इसकी समय–समय पर ट्रस्ट ऑडिट भी करता रहता है। राम मंदिर में अब तक लगभग 5 हजार करोड़ से ज्यादा की धनराशि चंदे के रूप में ट्रस्ट को मिली है। इसके पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया था कि लगभग 1900 करोड रुपए मंदिर बनाने में खर्च हो चुका है शेष धनराशि जो कुछ बची है वह बैंक में जमा है। राम मंदिर में आने वाले दान का हिसाब किताब श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट रखता है। यह भारत सरकार की तरफ से गठित स्वतंत्र ट्रस्ट है। जो मंदिर में आने वाले चंदे, खर्चों की पूरी जानकारी, वित्तीय प्रबंधन के लिए उत्तरदायी होता है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय है।. इस ट्रस्ट में एक अकाउंट्स विभाग भी है। जो आय व्यय का पूरा ब्योरा भी रखता है। दान की पूरी धनराशि को ट्रस्ट के लिए अधि.त बैंक के खातों में जमा कराया जाता है। इसी ट्रस्ट में गोपाल राय और राम शंकर यादव



उर्फ टिन्नू भी शामिल हैं। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में फिलहाल राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू और गोपाल राय का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है। राम शंकर यादव पेशे से ड्राइवर थे. 1980 और 1990 के दशक में वो ऑटो चलाते थे। साल 1995–96 में वो अयोध्या के कारसेवकपुरम आया और यहां की गाड़ियां चलाने लगा। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों की गाड़ियां चलाने का काम उसे दिया जाने लगा। विश्व हिंदू परिषद के दाऊद भाग का काम भी उसे दे दिया जाता था। जबकि कार्यशाला की मालवाहक गाड़ियां भी चलाईं थी। राम मंदिर के शिलान्यास के बाद कार्यशाला और राम मंदिर के रिपेयरिंग का काम और प्राण प्रतिष्ठा के बाद चंदा गिनने के काम में उनको लगा दिया गया था। बताया जा रहा है कि राम शंकर यादव संपत्ति में तेजी से इजाफा हुआ है। वहीं बात अगर गोपाल राय की जाए तो वह चंदे के पैसों की गिनती के प्रभारी थे. गोपाल राय विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी हैं. वो विहिप के केंद्रीय मंत्री के पद पर हैं। ये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भी पदाधिकारी रह चुके हैं। विश्व हिंदू परिषद की तरफ से ट्रस्ट और बैंक के बीच निगरानी का काम इन्हीं के अधीन किया जाता था। इनके तहत कई लोग थे, जिनको चंदा गिनने के काम में लगाया जाता था। चंदे की गिनती में सबसे अहम रोल इन्ही का होता था। इस मुद्दे पर चाहे बैंक का व्यक्ति हो चाहे ट्रस्ट का व्यक्ति हो चाहे पुलिस से जुड़ा कोई व्यक्ति हो कोई कुछ भी बोलने को ऑन रिकॉर्ड ऑफ रिकॉर्ड तैयार नहीं है। मीडिया कर्मियों को देखते ही लोग अपना मुंह बंद कर लेते हैं और मीडिया वालों को इस पर बात न करने के लिए कहते हैं। हालांकि चंपत राय ने बीती रात एक विज्ञप्ति जारी करके खंडन किया है। उनका कहना है कि इस तरह की कोई बात अभी नहीं है और इस पर ऑडिट हो रहा है जांच पड़ताल और ऑडिट के बाद यह सारा मामला सामने आएगा। अयोध्या के कथित चंदा चढ़ावा घोटाले के मामले में एसआईटी ने जिन लोगों से पूछताछ की है। उनमें रवि मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा और लवकुश मिश्रा एक ही परिवार के हैं। रवि मिश्रा के बेटे अनुकल्प मिश्रा है और लवकुश मिश्रा रवि मिश्रा का दामाद है। रवि मिश्रा और अनुकल्प का गांव मिल्कीपुर के ईटगांव में है। राम मंदिर के कथित चंदा गबन मामले में अयोध्या की फैजाबाद लोकसभा सीट से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने मीडिया से कहा कि राज्य सरकार की गठित कमिटी इस जांच के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कोर्ट की तरफ से गठित जांच समिति को पड़ताल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में देश दुनिया के लोग आस्था लेकर आते हैं। ऐसे में राज्य सरकार के अधीन काम करने वाले आईएएस और आईपीएस अधिकारी ठीक से जांच नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बना है तो जांच भी सुप्रीम कोर्ट को कराना चाहिए. अवधेश प्रसाद ने आशंका जताई कि नक़दी के अलावा हीरे जवाहरात और सोने चांदी का चढ़ावा आता है, ऐसे में दान की गई हर चीज को जांच के दायरे में लाना चाहिए।

## सिकल सेल रोग: विश्व सिकल दिवस, सिकल सेल : समानता का हकदार

डॉ.ए.आर.दल्ला

प्रति वर्ष 19 जून को विश्व सिकल दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष 2026 के लिए एक थीम चर्चा का विषय दी है–श्जीवन रक्षा की खाई को भरें सिकल सेल पर समानता सुनिश्चित करें। यह दिन जीवन के प्रबंधन की गुणवत्ता में सुधार लाने और बेहतर सुविधाओं की वकालत करने का एक वैश्विक अभियान भी है। पहले इसे सिर्फ अश्वेत अफ्रीकन (नीग्रो) लोगों का रोग माना जाता था। चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से मालूम हुआ कि यह विकृति भारत, अरब, और मेडीटेरियन अफ्रीका के अन्य देशों में भी व्याप्त है। रोजी–रोटी की तलाश में जाने वाले प्रवासी अश्वेत नीग्रों के माध्यम से यह रोग अमेरिका और यूरोप के अन्य देशों में भी पहुंचा। यहां यह जानना जरूरी है कि विश्व के विकसित और विकासशील देशों में स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर में बहुत अंतर है– इसमें आर्थिक संसाधनों की एक बड़ी कमी की समस्या भी सामने आती है। इसी संदर्भ में इस वर्ष 2026 में विश्व–स्वास्थ संगठन ने एक सामायिक थीम दी है–जीवन रक्षा की खाई को भरें। समानता सुनिश्चित करें। विश्व सिकल दिवस के अवसर विश्व समुदाय एकजुट होकर लाखों सिकल ग्रसित परिवारों को संबल प्रदान करता है–जो इस अनुवांशिक व्याधि से व्यथित है। संयुक्त राष्ट्र संगठन ने विशेष रूप से कहता है कि सभी प्रभावित देशों एवं पंजीकृत सेवा संस्थाओं को एकजुट होकर सिकल रोग पर जन–चेतना का प्रसार और इलाज का प्रयास करना होगा। हमें सब मिलकर अनुसंधान, नवाचार और आवश्यक वित्तीय सहायता को बढ़ावा देना होगा। भारतवर्ष में सिकल सेल–वर्ष 1952 तक भारतवर्ष में इस बीमारी पर जानकारी का अभाव था। समय के साथ ज्ञात हुआ कि भारत के कुछ प्रदेशों के आदिवासी पिछड़े और वंचित लोगों का एक बड़ा वर्ग इस अनुवांशिक व्याधि से प्रभावित है। यहां यह बतलाना आवश्यक है कि विकसित और विकासशील देशों में स्वास्थ्य सेवाओं और आर्थिक बजट में एक बहुत बड़ा अन्तर है। हमें एकजुट होकर सिकल रोग से व्याधित व्यक्तियों के परिवारों को संबल और सहायता पहुंचाना है। जो इस वंशानुगत रक्त विकार के साथ जी रहे हैं। वर्ष 2026 का विश्व सिकल दिवस का दिन सिर्फ जनजागरण का दिन नही हैं बल्कि जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और बेहतर सुविधाओं की वकालत के लिए एक वैश्विक अभियान भी है। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के साथ ही राज्य में सिकल सेल व्याधि पर संज्ञान लिया गया। छत्तीसगढ़ की विधानसभा में वर्ष 2008 को सर्वसम्मति से सिकल सेल विकृति पर नियंत्रण का संकल्प भी सर्वसम्मति से पास हुआ। रायपुर में सिकल सेल रोग पर एक अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस के आयोजन में विश्व का ध्यान आकर्षित करने का प्रस्ताव पारित कर भारत के महामहिम राष्ट्रपति को सौंपा गया। भारत में राष्ट्रीय स्तर पर सिकल कार्यों को प्रगति तब मिली जब भारत के आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसका संज्ञान लिया। विगत वर्ष सिकल सेल विकृति की रोकथाम के लिये शमिशन मोड्य पर वृहत प्रयास का प्रारंभ करते हुये, आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने मध्यप्रदेश के शहडोल में एक विशेष शसिकल नियंत्रण केन्द्रय की स्थापना की। प्रारंभिक तौर पर यह भारतवर्ष के 17 प्रभावित राज्य के 275 जिलों के आदिवासी क्षेत्रों में सिकल रोग सर्वेक्षण रोकथाम एव जनजागरण का प्रयास मिशन मोड में करेगा। प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2047 तक सिकल सेल व्याधि के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। आइए, हम सब मिलकर अनुसंधान, नवाचार, और आवश्यक वित्तीय सहायता को बढ़ावा देने का प्रयास करें ताकि प्रत्येक रोगी को वह गुणवत्ता पूर्ण देखभाल और उपचार मिल सके– जिसका वह हकदार है।

# भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा प्रारम्भ की गई भारतनेट उद्यमी योजना

## –डेढ़ लाख के निवेश से प्रारम्भ किया जा सकता है स्वरोजगार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 19 जून। जिला महाप्रबन्धक दूर संचार निगम लिमिटेड बहराइच मुकेश आनन्द ने बताया कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोडने के उद्देश्य से भारतनेट उद्यमी योजना का शुभारंभ किया गया है। योजना के तहत इच्छुक व्यक्ति कम पूंजी लगाकर अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। योजना के शुरुआती चरण में लगभग डेढ लाख रुपये के न्यूनतम निवेश की आवश्यकता होगी। बीएसएनएल से जुड़ने के बाद उद्यमियों को ग्रामीण क्षेत्रों में ब्राडबैंड सेवाओं से उपभोक्ताओं को जोड़ने का कार्य करना होगा। इसके लिए विभाग की ओर से आकर्षक भुगतान की व्यवस्था की गई है। श्री आन्नद ने बताया कि भारतनेट उद्यमी योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उनके गृह जनपद में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे आसानी से अपनी आजीविका का संचालन कर सकें और ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का शहरों की ओर पलायन कम हो सके। सीतापुर व्यापार क्षेत्र के प्रधान महाप्रबंधक .ष्ण मोहन श्रीवास्तव ने इस योजना को युवाओं के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर बताया। योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए इच्छुक युवक बीएसएनएल कार्यालय में कार्यरत उप मंडल अभियंता दीपक वर्मा अथवा मोबाइल नंबर 9451101171 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा प्रारम्भ की गई भारतनेट उद्यमी योजना

## –डेढ़ लाख के निवेश से प्रारम्भ किया जा सकता है स्वरोजगार

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच 19 जून। जिला महाप्रबन्धक दूर संचार निगम लिमिटेड बहराइच मुकेश आनन्द ने बताया कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोडने के उद्देश्य से भारतनेट उद्यमी योजना का शुभारंभ किया गया है। योजना के तहत इच्छुक व्यक्ति कम पूंजी लगाकर अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। योजना के शुरुआती चरण में लगभग डेढ लाख रुपये के न्यूनतम निवेश की आवश्यकता होगी। बीएसएनएल से जुड़ने के बाद उद्यमियों को ग्रामीण क्षेत्रों में ब्राडबैंड सेवाओं से उपभोक्ताओं को जोड़ने का कार्य करना होगा। इसके लिए विभाग की ओर से आकर्षक भुगतान की व्यवस्था की गई है। श्री आन्नद ने बताया कि भारतनेट उद्यमी योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उनके गृह जनपद में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे आसानी से अपनी आजीविका का संचालन कर सकें और ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का शहरों की ओर पलायन कम हो सके। सीतापुर व्यापार क्षेत्र के प्रधान महाप्रबंधक .ष्ण मोहन श्रीवास्तव ने इस योजना को युवाओं के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर बताया। योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए इच्छुक युवक बीएसएनएल कार्यालय में कार्यरत उप मंडल अभियंता दीपक वर्मा अथवा मोबाइल नंबर 9451101171 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# लहरपुर में होटल का ताला काटकर चोरी, पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुख्य प्रवेश द्वार के निकट पेट्रोल पंप के सामने स्थित ब्रदर्स टी स्टाल में बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान में रखे लगभग 14 हजार रुपये नकद तथा बीड़ी, सिगरेट, कोल्ड ड्रिंक समेत करीब 9 हजार रुपये मूल्य का सामान चोरी कर ले गए। चोरी से दुकानदार को कुल लगभग 23 हजार रुपये का



नुकसान हुआ है। सुबह जब दुकानदार दुकान पर पहुंचा तो ताला टूटा देखकर घटना की जानकारी हुई। सूचना तत्काल डायल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच–पड़ताल शुरू कर दी। आपको बताते चले कि जिस मार्ग पर यह चोरी हुई है, उसी रोड पर अकबरपुर पुल के निकट 2 दिन पूर्व हुई लूट की घटना का खुलासा अभी तक नहीं हो सका है। हैरानी की बात यह है कि लूट की घटना के महज दो दिन बाद ही चोरों ने एक और दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दे डाला। इससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों में भय एवं आक्रोश का माहौल है। इसके अलावा इससे पूर्व लहरपुर नगर के मोहल्ला किनारिन टोला बहलोलपुर क्षेत्र में भी चोर बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से नगरवासियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस क्षेत्र में पुलिस की नियमित गश्त का दावा किया जाता है, वहीं लगातार चोरी और लूट की घटनाएं होना गंभीर चिंता का विषय है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द घटनाओं का खुलासा कर आरोपियों की गिरतारी तथा रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिबू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखो में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखो की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखो के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें! आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्मे वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिबू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलीक अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# 2027 का विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगा जनसत्ता दल, युवाओं पर रहेगा मुख्य फोकसः बलवीर सिंह

## -प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह शिवाजी ने महोबा दौरा करते हुए कम्युनिटी गार्डन में पार्टी पदाधिकारियों के साथ की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। राष्ट्रीय जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह शिवाजी ने महोबा दौरा करते





हुए कम्युनिटी गार्डन में पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संगठन के सभी फ्रंटल संगठनों की समीक्षा की साथ ही 2027 विधानसभा चुनाव में पार्टी सभी सीटो पार्टी अकेले लड़ने का ऐलान किया। पार्टी के प्रदेश ने राम मंदिर चंदा विवाद को करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर कुठाराघात बताया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। राष्ट्रीय जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष के महोबा पहुंचने पर पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा और युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रिंस पचौरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए संगठन के सभी संगठनों की समीक्षा कर पार्टी का मुख्य ध्यान युवा प्रकोष्ठ पर रखे जाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि बूथ स्तर तक युवाओं की टीम तैयार की जा रही है। इसके अतिरिक्त, महिला, किसान और अधिवक्ता प्रकोष्ठों को भी जमीनी स्तर पर काम तेज करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे 2027 के मिशन को सफल बनाया जा सके। बैठक में पूछे गए गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी फिलहाल किसी भी दल के साथ जाने का विचार नहीं कर रही है। जनसत्ता दल प्रदेश की सभी सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि अगर जनसत्ता दल सत्ता में आई, तो वो इससे भी बेहतर काम करके दिखाएगी साथ ही उन्होंने 2027 से पहले चुनाव होने की संभावना भी जताई। उन्होंने राम मंदिर चंदा विवाद पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि राम मंदिर के नाम पर हुआ चंदा विवाद निंदनीय है। यह देश के लाखों करोड़ों भारतीयों और सनातनियों के विश्वास पर बड़ा आघात है। जनसत्ता दल ऐसी घटनाओं की आलोचना करता है और उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री इस मामले का संज्ञान लेकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे।

# निर्माण कार्यो में लापरवाही बर्दाशत नहीं, गुणवत्ता व समयसीमा पर डीएम सख्त

## -जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में सभी परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, 19 जून। जिलाधिकारी




शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान जिला कारागार में निर्माणाधीन हाई सिक्योरिटी बैरक, सैफई स्थित निर्माण कार्यों, उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के 50 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक, मेडिकल कॉलेज के विभिन्न भवनों, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, साइबर क्राइम थाना भवन, अग्निशमन केंद्र, अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय, विद्यालयों में पेयजल एवं शौचालय निर्माण, पक्का तालाब क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, पिलुआ महावीर मंदिर पर्यटन विकास, यमुना नदी पर प्रस्तावित सेतु, गोदाम निर्माण तथा सड़क चौड़ीकरण सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कराई जाएं। उन्होंने तकनीकी निरीक्षण, नियमित मॉनिटरिंग और कार्यों में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डिजिटल संचार के क्षेत्र में सूचना विभाग की प्रभावी पहल

## -विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चौनल ''सूचना प्रवाह'' का हुआ शुभारंभ
## -सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यो की जानकारी सहजता पहुचेगी आमजन तक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा डिजिटल संचार को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चौनल "सूचना प्रवाह" का शुभारंभ आज लोक भवन, लखनऊ में किया गया। चौनल का शुभारंभ सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर निर्माता फिल्म अभय कुमार श्रीवास्तव, फिल्म निर्माण प्रबंधक संदीप पांडेय सहित सूचना विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। 'सूचना प्रवाह' उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का आधिकारिक डिजिटल मंच है, जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णयों, उपलब्धियों, जनहितकारी कार्यक्रमों तथा शासन की विभिन्न पहलों से संबंधित प्रमाणिक, तथ्यपरक एवं त्वरित जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाएगी। इसके साथ ही विभाग द्वारा निर्मित वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरणादायी वीडियो, सरकारी अभियानों तथा महत्वपूर्ण आयोजनों का भी नियमित प्रसारण इस मंच पर किया जाएगा। इस अवसर पर सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया जनसंचार का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। ऐसे में "सूचना प्रवाह" यूट्यूब चौनल सरकार और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त सेतु सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से नागरिकों को सरकार की योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की विश्वसनीय और प्रमाणिक जानकारी सरल, सहज एवं आकर्षक स्वरूप में उपलब्ध कराई जाएगी। अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि विभाग समय के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए जनसंचार के नए आयाम स्थापित कर रहा है। "सूचना प्रवाह" के माध्यम से प्रदेश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा शासन की उपलब्धियों को अधिक व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुँचाया जाएगा, जिससे नागरिकों को सरकारी योजनाओं की सही एवं समयबद्ध जानकारी प्राप्त हो सकेगी। यह यूट्यूब चौनल प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रसार का एक प्रभावी मंच बनेगा तथा आमजन और शासन के बीच संवाद को और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# राजस्व विवाद और साइबर फ्रॉड के मामले बढ़े, एसपी ने थाने में सुनी फरियाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

चौडगरा,फतेहपुर।पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गुरुवार को थाना कल्यानपुर पहुंचकर जन समस्याएं सुनीं और थाना परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान सबसे अधिक राजस्व विवाद और साइबर फ्रॉड से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। एसपी ने मामलों की गंभीरता को देखते हुए संबंधित हल्का इंचार्ज और थानाध्यक्ष को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।थाने पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए एसपी ने बताया कि इस बार राजस्व से संबंधित मामले सबसे ज्यादा आए हैं। इसके अलावा साइबर फ्रॉड के भी कई केस दर्ज हैं। सभी शिकायतों को सुनकर उन्होंने संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के लिए निर्देशित किया।एसपी ने साफ कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी जब थाने आएंगे, तभी उनसे जुड़े मामलों को प्राथमिकता पर निपटाया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अगले दिन प्रत्येक मामले का फीडबैक लिया जाए और पीड़ितों की समस्याओं



का समाधान सुनिश्चित कराया जाए। थाना परिसर के निरीक्षण के दौरान एसपी ने रिकॉर्ड, साफ–सफाई और पुलिसकर्मियों की कार्यशैली भी परखी। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक बिंदकी गौरव शर्मा, थानाध्यक्ष सुमित देव पांडे, चौडगरा चौकी प्रभारी संजय सिंह परिहार, उप निरीक्षक अनुज कुमार मिश्रा, विवेक कुमार सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# टीईटी से पूर्व नियुक्तशिक्षकों के हितों की सुरक्षा को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन




न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर . राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग के बैनर तले शिक्षकों ने टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के सेवा अधिकारों की सुरक्षा की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह और महामंत्री अमर सिंह के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में मंडलीय मंत्री रितेश भटनागर, महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष रुचिता सिंह, अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रहास, माध्यमिक संवर्ग के अध्यक्ष अनिल चौहान, मोहित शर्मा, डॉ. इन्द्रपाल, धर्मवीर सिंह, अरेंद्र कुमार तथा अरुण उपाध्याय सहित कई शिक्षकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि टीईटी को पूर्व प्रभाव से लागू करना न्यायसंगत नहीं है तथा लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के वरिष्ठता, पदोन्नति, पेंशन एवं अन्य वैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए केंद्र और राज्य सरकार को स्पष्ट नीति बनानी चाहिए। धरना–प्रदर्शन में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से पहुंचे सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

# डंपर की टक्कर से युवक की मौत, पिता गंभीर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/नगीनाधबिजनौर . एलआरएस गर्ल डिग्री कॉलेज के निकट तेज रतार डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा–तफरी



मच गई। जानकारी के अनुसार ग्राम गढ़ जलपुर निवासी 20 वर्षीय आदित्य अपने पिता जय प्रकाश के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रतार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल जय प्रकाश को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद चालक डंपर लेकर भागने लगा, लेकिन लोगों ने उसका पीछा कर वीडियो बना लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर डंपर को कब्जे में ले लिया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, जबकि क्षेत्र में लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# युवक की मौत के बाद थाने में धरना, निष्पक्ष जांच की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो/किरतपुरधबिजनौर . नगर में एक युवक की मौत के बाद मामला तूल पकड़ गया। मृतक के परिजनों ने मौत के लिए एक दुकानदार को जिम्मेदार ठहराते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाना परिसर में धरना शुरू कर दिया। देर रात तक धरना जारी रहने से पुलिस प्रशासन में भी हलचल बनी रही। बताया जाता है कि नगर निवासी नीरज (40) की तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। अंतिम संस्कार के बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद और दबाव के कारण नीरज की जान गई है। उन्होंने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। धरने में शामिल परिजनों और अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक मामले में उचित कानूनी कार्रवाई नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं आरोपित पक्ष ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि केवल उधार की रकम वापस मांगी गई थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। तहरीर और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर नगर में दिनभर चर्चाओं का माहौल बना रहा।

# सड़क हादसे रोकने को प्रशासन सख्त, भारी वाहनों पर लगा प्रतिबंध

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिजनौर . जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट (जेडएफडी) कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन ने पांच प्रमुख मार्गों पर दिन के समय भारी एवं खनन वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध प्रतिदिन सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक लागू रहेगा। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि चयनित थाना क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। मंडावली–मंडावर, कोतवाली देहात–नहटौर–नूरपुर, धामपुर–नहटौर–झालू–बिजनौर तथा नजीबाबाद–रायपुर सादात–नगीना मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। ऐसे वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। उधर, पुलिस लाइन में आयोजित बैठक में एएसपी यातायात गौतम राय ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। बैठक में ब्लैक स्पॉट, संकेतक, प्रकाश व्यवस्था, ओवरलोडिंग और तेज रतार पर नियंत्रण को लेकर चर्चा की गई। प्रशासन का मानना है कि इन कदमों से सड़क हादसों में कमी लाने में मदद मिलेगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा।न्यायालयों में विचाराधीन महत्वपूर्ण मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करने के साथ गवाहों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के डीएम ने निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने अभियोजन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के लिए निर्देशित किया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न जिलाधिकारी अमित




आसेरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में अपराध नियंत्रण,न्यायालयों में लंबित महत्वपूर्ण वादों की स्थिति,अभियोजन की प्रगति,दोषसिद्धि दर तथा कानून व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में शांति,सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस एवं अभियोजन विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने गंभीर अपराधों, महिला एवं बाल अपराध,संगठित अपराध तथा जनहित से जुड़े संवेदनशील मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को शीघ्र दंडित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालयों में विचाराधीन महत्वपूर्ण मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करने, गवाहों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा अभियोजन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। साथ ही अभियोजन अधिकारियों एवं विवेचकों को समन्वय स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं सशक्त साक्ष्य प्रस्तुत करने पर विशेष जोर दिया। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी अमित आसेरी ने जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति, अपराध नियंत्रण की कार्यवाही तथा शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि असामाजिक एवं अराजक तत्वों पर सतत निगरानी रखी जाए तथा जनसुरक्षा से संबंधित मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी संबंधित अधिकारी जनशिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर सतर्क .ष्टि बनाए रखें। बैठक में पुलिस विभाग,अभियोजन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने–अपने विभागों की प्रगति से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को पूर्ण जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए कानून व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाने के निर्देश दिए।

# 6 मुहर्रम को सुल्तानपुर घोष में शहादतनामा सुनाएंगे मौलाना आमिर मियां

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इस्लाम धर्म में मुहर्रम के महीने को शहादत, सब्र और कुर्बानी के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। मुहर्रम का चांद दिखाई देने के साथ ही कर्बला के 72 जांनिसारों की याद में पूरे माहौल में गम और अकीदत का रंग नजर आने लगता है। गांवों और शहरों में एक मुहर्रम



से ही शहादतनामा और कर्बला की दास्तान का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो 10 या 12 दिनों तक जारी रहता है। शिया और सुन्नी दोनों समुदायों के लोग हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को अकीदत के साथ याद करते हैं। इसी क्रम में खागा तहसील क्षेत्र के सुल्तानपुर घोष में आठ दिवसीय शहादतनामा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत कर्बला की घटनाओं पर आधारित तकरीरें की जा रही हैं। वहीं, मुहर्रम की 9वीं और 10वीं तारीख को ताजिया रखकर फातिहा, नौहाख्वानी और मातमख्वानी की जाएगी। इसके बाद ताजियों को पारंपरिक मार्ग से गश्त कराते हुए कर्बला में सुपुर्द–ए–खाक किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार, आगामी 6 मुहर्रम (22 जून 2026) को कर्बला की दास्तान के विशेष बयान के लिए मौलाना आमिर मियां सफवी मिस्बाही सुल्तानपुर घोष पहुंचेंगे। वह कर्बला की शहादत और हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी तथा उसके बाद के वाक्या पर खिताब करेंगे। यह कार्यक्रम इमामबाड़ा पर बाद नमाज ईशा शुरू होगा। आयोजक शीबू खान (पत्रकार) एवं अंजुमन सुल्तानपुर घोष कमेटी ने क्षेत्र के लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शहादतनामा सुनने की अपील की है। इस अवसर पर जैनुल आब्दीन (मुन्ना मीर), मोहम्मद जफर (नेताजी), आफताब आलम (चांद), जुनेद हक, मोहम्मद जुबैर, सरफराज, अरमान, तंजील, जसीम (तन्नू), मुजनबीन, अशफाक, रानू, आलम, कादिर, जीशान, दानिश, मुस्तकीम, मोहम्मद कैफ, सुहैल, रियाज, आरिफ, इलियास, अदनान, रेहान और फैज सहित अंजुमन कमेटी के कई सदस्य उपस्थित रहे।

# अत्यधिक गर्मी का राज जानने के लिए शासन स्तर से छह वैज्ञानिकों की विशेषज्ञ टीम बांदा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा।जिलाधिकारी अमित आसेरी के अनुरोध पर शासन स्तर से छह वैज्ञानिकों की विशेषज्ञ टीम बांदा पहुंची है, जो आधुनिक रिमोट सेंसिंग तकनीक, उपग्रह चित्रों और वैज्ञानिक आंकड़ों के माध्यम से हीट वेव एवं लू के वास्तविक कारणों का विस्तृत अध्ययन करेगी। अध्ययन के दौरान वैज्ञानिक भूमि सतह तापमान (लैंड सरफेस टेम्परेचर) का विश्लेषण करेंगे और उन क्षेत्रों की पहचान करेंगे जहां तापमान सबसे अधिक दर्ज हो रहा है। इसके साथ ही अत्यधिक गर्म क्षेत्रों का वैज्ञानिक मानचित्रण भी किया जाएगा। विशेषज्ञ टीम जनपद में हरियाली और वन क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करेगी। वृक्षों की संख्या, वन क्षेत्र में हुए परिवर्तनों तथा हरित आवरण में कमी और तापमान वृद्धि के बीच संबंधों का अध्ययन किया जाएगा। इसके अलावा तालाबों, नदियों, जलाशयों और भूजल स्तर की स्थिति का



आकलन कर यह जांचा जाएगा कि नमी की कमी तापमान वृद्धि को किस प्रकार प्रभावित कर रही है। अध्ययन में बुंदेलखंड की चट्टानी भूमि, कम आर्द्रता, खुले भूभाग तथा गर्म हवाओं की दिशा और प्रवाह जैसे भौगोलिक एवं प्रा.तिक कारकों की भी वैज्ञानिक समीक्षा की जाएगी। वहीं सड़कों, कंक्रीट संरचनाओं, निर्माण गतिविधियों और धूल प्रदूषण के कारण उत्पन्न होने वाले 'हीट आइलैंड प्रभाव' का भी आकलन किया जाएगा। जिलाधिकारी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अध्ययन के लिए पुराने तापमान रिकॉर्ड, मौसम संबंधी आंकड़ों और वर्तमान उपग्रह डेटा का समन्वित विश्लेषण किया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर जनपद में प्रभावी हीट एक्शन प्लान, वृहद पौधारोपण अभियान, जल संरक्षण उपाय, छायादार क्षेत्रों का विकास तथा गर्मी से बचाव के लिए दीर्घकालिक रणनीतियां तैयार की जाएंगी। अधिकारियों का मानना है कि यह अध्ययन केवल बांदा ही नहीं, बल्कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए हीट वेव प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन का एक प्रभावी मॉडल साबित हो सकता है। जनपद बांदा में स्थानीय पर्यावरणीय कारकों के फील्ड अध्ययन का कार्य 16 जून से 19 जून 2026 तक प्रस्तावित है। इस दौरान परियोजना वैज्ञानिक डॉ. हफीजुल्लाह और अभिषेक गोंड जनपद में रहकर फील्ड सर्वे करेंगे। अध्ययन कार्य में सहयोग के लिए जिला खनन अधिकारी को भी निर्देशित किया गया है। इस पहल को बांदा में बढ़ती गर्मी और हीट वेव के प्रभावों को समझने तथा उनके स्थायी समाधान खोजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# कृषि मेले में प्राकृतिक खेती और मक्का उत्पादन पर जोर, 950 किसानों ने लिया भाग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर । किसानों की आय बढ़ाने तथा प्रा.तिक खेती को




प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंदिरा बाल भवन में जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी–2026, त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत .षि मेला एवं प्रा.तिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान तथा वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी भी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किसानों को आधुनिक .षि तकनीकों को अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि मक्का उत्पादन किसानों के लिए लाभकारी विकल्प बन सकता है। उन्होंने मक्का बीज उत्पादन को बढ़ावा देने और रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर पर्यावरण अनुकूल .षि पद्धतियां अपनाने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने फसल चक्र, सहफसली खेती तथा मिट्टी परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के प्रयोग पर बल दिया। वहीं जिलाधिकारी जसजीत कौर ने किसानों से प्रा.तिक खेती अपनाने और गन्ने के साथ दलहन एवं तिलहन फसलों की सहफसली खेती करने की अपील की। उन्होंने .षि विभाग को प्रगतिशील किसानों के अनुभव अन्य किसानों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में .षि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिकों डॉ. शिवांगी एवं डॉ. प्रतिमा गुप्ता ने ड्रैगन फ्रूट, मशरूम उत्पादन, बागवानी तथा खरीफ फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन संबंधी जानकारी दी। साथ ही किसानों की समस्याओं का समाधान भी किया गया। मेले में .षि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य एवं .षि विज्ञान केंद्र सहित विभिन्न विभागों और निजी संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल किसानों के आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान उत.ष्ट कार्य करने वाले कई प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उप .षि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा, जिला .षि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया सहित .षि विभाग के अधिकारी एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे। .षि मेले में जनपद के लगभग 950 किसानों ने भाग लिया।

# नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी जी का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री जी के निर्देशानुसार नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस जननायक माननीय राहुल गांधी जी का जन्म दिवस कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित जी की अध्यक्षता में फल, बिस्किट व टॉफी का वितरण कर ग्राम पंचायत कहला में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया एवं उनकी दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि ष्सांसद माननीय राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष देश में एक अपनी अलग पहचान बनाकर देशवासियों के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष कर रहे है, देश की जनता आज उन्हें भावी प्रधानमंत्री के रूप में देख रही है। वर्तमान समय में लोक तंत्र व संविधान की जिस प्रकार प्रदेश व देश में काबिज भाजपा सरकार कुठाराघात करने में लगी है उससे जनमानस त्रस्त है महंगाई, भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, दलित, ओबीसी, अल्प संख्यक



समुदाय का उत्पीड़न चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता माननीय राहुल गांधी के नेतृत्व में संघर्ष के लिए तैयार है, जरूरत पड़ी तो जेल भरो आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे।ष इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारी संख्या में ग्रामीणों सहित कांग्रेस पदाधिकारी एआईसीसी सदस्य रमेश चन्द्र कोरी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष डॉ संजय द्विवेदी दनादन, सूरज बाजपेई, जिला महासचिव शोएब रिजवी, जिला सचिव बाबूराम यादव, प्रदीप कुमार तिवारी एडवोकेट, जिला कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, कैलाश बाजपेई, आरिफ निजामी, रामशरण त्रिपाठी, राम.पाल निषाद, विष्णुदेव त्रिपाठी, शिवमोहन लाल निषाद, जागे निषाद, मुंशी निषाद, चुनुबाद निषाद, छेदीलाल निषाद, सुदामा, माया, ममता, जानकी राजपूत सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला महामंत्री ६ मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का आभार पूर्व बार एसोसिएशन महासचिव सत्यदेव त्रिपाठी एडवोकेट ने किया।

# एसएसपी ने परखी पुलिस की तैयारी, कानून-व्यवस्था को लेकर दिए सख्त निर्देश

## –परेड, दौड़, ड्रिल और बलवा अभ्यास के साथ व्यवस्थाओं का किया गया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर पुलिस बल का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों



से शारीरिक फिटनेस के लिए दौड़ और टोलीवार ड्रिल कराई गई तथा अनुशासन और एकरूपता पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान यूपी–112 पीआरवी वाहनों, दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट एड किट, मेस, एमटी शाखा, फायर सर्विस कार्यालय, जिम, बैडमिंटन हॉल और पुलिस क्लब की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही जनपद की कानून–व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया तथा भीड़ नियंत्रण और विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं दिशा–निर्देश दिए गए। परेड के बाद आदेश कक्ष में अभिलेखों का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों का अर्दली रूम भी किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## –संबंधित अधिकारियों को दिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, 18 जून। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित नियमित जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की



समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्राप्त प्रार्थना पत्रों (शिकायतों) के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान एसएसपी ने शिकायतकर्ताओं से उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर न्यायोचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से वार्ता कर प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, प्रभावी और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का तत्परता, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करना इटावा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है।

# जनता की असली ताकत का पहचान दिलाने आ रहा है

न्यूज वाणी ब्यूरो

तालगांव सीतापुर'। सत्यदेव फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले जननायक फिल्म की शूटिंग 19 जून से जनपद सीतापुर के लहरपुर एवं रसूलपुर में भव्य मुहूर्त के साथ शुरू किया जाएगा । निर्माता– रवि शंकर सिंह, निर्देशक –सचिन यादव कैमरामैन आर. आर.प्रिंस ,म्यूजिक ––साजन मिश्रा, मुख्य सहायक निर्देशक –मिलन मंजोशी, सह निर्देशक – दिनेश त्रिपाठी,, कोरियोग्राफर, संतोष सर्वदर्शी, फाइट मास्टर–– सुयोग रीगल,कला निर्देशक– ऋषभ विश्वकर्मा, मेकअप ,– रंजीत प्रजापति एवं सहयोगी, ड्रेस –– नवाब,प्रोडक्शन कंट्रोलर ऋषभ वर्मा, लाइट एवं कैमरा– अवध गंगा प्रोडक्शन हाउस, पी. आर.ओ.–अरविंद मौर्य मुख्य कलाकार––– संग्राम सिंह पटेल,रवीना राय,केहना सिंह, विनीत विशाल, रजनीश पाठक, प्रकाश जैस, संजय वर्मा, नीलम पांडेय, जसवंत कुमार, रुपेश मिश्रा,सत्या शुक्ला, जय यादव,मोनिका मिश्रा, रवि वर्मा, संजीत वर्मा, इरफान पिंडारी, डॉ राम सिंह चौधरी, आदि बहुत से कलाकार इस फिल्म में मौजूद रहेंगे। अभी भी कास्टिंग चल रही है।

# सैफई थाना पुलिस ने महिला जनचौपाल आयोजित

## -हेल्पलाइन सेवाओं और साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, 19 जून, 2026। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना सैफई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में महिला जनचौपाल का आयोजन कर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जनचौपाल में महिला शक्ति केंद्र की टीम एवं पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान महिला हेल्पलाइन 1090, महिला सहायता 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन सेवा 112 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में जानकारी देकर आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में साइबर अपराधों से बचाव पर विशेष जोर देते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने के खतरे, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा सुरक्षित डिजिटल लेन–देन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। महिलाओं को साइबर अपराध से बचने के प्रभावी उपाय भी बताए गए। जनचौपाल के उपरांत महिलाओं ने महिला शक्ति केंद्र की टीम से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए। टीम ने प्राप्त शिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण का आश्वासन देते हुए आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए संपर्क व्यवस्था भी सुनिश्चित की। इटावा पुलिस ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता और विश्वास को मजबूत बनाने के उद्देश्य से इस



प्रकार के जनसंपर्क एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# उत्थान आडिटोरियम में सम्पन्न हुई प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला

## -चित्र संख्या 00 से 00 तक तथा फोटो कैपशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 19 जून। मा. प्रधानमंत्री जी के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के तहत शासन व जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जनपद में प्रा.तिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कपूरथला परिसर स्थित उत्थान ऑडिटोरियम में आयोजित 02 दिवसीय कार्यशाला के अन्तिम दिन आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति के साथ–साथ मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। डॉ. गोंड ने किसानों का आहवान किया कि प्रा.तिक खेती अपनाने की दिशा में आगे बढ़े। सांसद डॉ. गोंड ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भारतवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रा.तिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि के लिए केन्द्र व राज्य सरकार निरन्तर प्रयासरत हैं और अनेकों योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहाकि हमें पंजाब से सबक लेना होगा जहां के किसान बड़ी मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का प्रयाग कर अत्यधिक उत्पादन प्राप्त कर रहे थे। परन्तु आज पंजाब के खेत ऊसर हो गये हैं। डॉ. गोंड ने किसानों का सुझाव दिया कि कम से कम आधे खेत में जरूर प्रा.तिक खेती करें। प्रा.तिक खेती के माध्यम से प्राप्त उत्पादन की बाजार में बहुत मांग है जिसके कारण यह सामान्य अनाज के मुकाबले काफी अधिक कीमत में बिकता है। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने मानव स्वास्थ्य को .ष्टिगत रखते हुए हमें प्रा.तिक खेती की ओर लौटना होगा। श्री पाण्डेय ने किसानों को सुझाव दिया कि मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें। खेती किसानी में गोबर आधारित जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ाये तथा रासायनिक उर्वरक का प्रयोग कम से कम करें। एमएलसी पदमसेन चौधरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए किसानों को बताया कि वे स्वयं पूर्व में गेहूं, धान की खेती अच्छी तरह से करते थे। गेहूं की फसल के बाद ढैंचा सनई का उपयोग करता था, जिससे उत्पादन 4 से 5 कु. प्रति बीघे उत्पादन प्राप्त करता था। उन्होंने .षकों को प्रा.तिक खेती के साथ साथ कीटध्रोग नियन्त्रण हेतु लाइट ट्रैप, स्टिकी स्टिक को प्रयोग करने तथा फार्मर आईडी बनवाये जाने का भी सुझाव दिया। उप .षि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि विभागीय प्रयासों से जनपद में लगभग 15000 किसानो द्वारा प्रा.तिक खेती प्रारम्भ की गई है। केन्द्र व राज्य सरकार प्रा.तिक खेती के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि के लिये प्रयास किये जा रहे हैं। श्री वर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा किसानों को प्रा.तिक खेती के लिये जागरूक किया जा रहा है। प्रा.तिक खेती से जुड़ने का आहवान करते हुए श्री वर्मा ने बताया कि जिले में कोदो, सावां, रागी, मडुआ, ज्वार, बाजरा के बीज मिनीकिट निःशुल्क दर्शन–1 पोर्टल पर बुकिंग के माध्यम से उपलब्ध कराये जा रहे है। कार्यशाला के दौरान जिले के प्रगतिशील .षक अनिरूद्ध यादव व मगन बिहारी पाठक सहित कई महिला .षकों द्वारा प्रा.तिक खेती करने के अपने अनुभव साझा किये। .षि विज्ञान केन्द्र बहराइच के वैज्ञानिक डॉ.नन्दन सिंह, .षि विज्ञान केन्द्र नानपारा के .षि वैज्ञानिक डॉ. पीके सिंह ने उपस्थित किसानों को प्रा.तिक खेती की उपयोगिता व तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान की। .षि वैज्ञानिकों द्वारा .षकों को प्रा.तिक खेती अपनाकर पर्यावरण के संरक्षण, मानव स्वास्थ्य व भूमि की उर्वरा शक्ति में बढ़ोत्तरी के साथ–साथ आर्थिक स्थित में सुधार लाने का सुझाव दिया। कार्यशाला के दौरान सांसद डॉ. गोंड ने अन्य अतिथियों के साथ प्रा.तिक खेती करने वाले 10 किसानों को प्रमाण–पत्र तथा स्वानिधि योजना के तहत लाभार्थियों को स्वी.ति पत्र का वितरण किया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। कार्यशाला में आये हुए अतिथियों व किसानों द्वारा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर संस्.ति विभाग द्वारा पंजी.त सांस्.तिक दल राजकुमारी एण्ड पार्टी तथा स्थानीय लोक कलाकार बृजेश पुष्कर द्वारा गीत संगीत के माध्यम से किसानों को प्रा.तिक खेती के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक व .षक सन्त कुमार चौबे ने किया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह व डॉ. .ष्ण कुमार, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप–ए सुधाकर शुक्ला, कुलदीप वर्मा, पंकज कुमार, अरविंद कुमार, राम प्रकाश मौर्या, अध्यक्ष मृदा परीक्षण प्रयोगशाला आशुतोष पाण्डेय एवं अवर अभि. .षि नितिन कुमार मौर्य सहित .षि विभाग के अन्य कर्मचारीध्अधिकारी उपस्थित रहे।

# बलहा विधानसभा में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनसंपर्क अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा बहराइच भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 282 विधानसभा बलहा के गायघाट मंडल अंतर्गत सेक्टर चंदनपुर, बलसिंहपुर, दौलतपुर व पेट्रहा में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर शांति रावत, जिला कार्य समिति सदस्य, भारतीय जनता पार्टी बहराइच द्वारा देव तुल्य कार्यकर्ताओं के घर–घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही इन योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प समस्त कार्यकर्ताओं के साथ लिया गया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। शांति रावत ने कार्यकर्ताओं से वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की पुनः सरकार बनाने हेतु भगीरथ प्रयास करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प . सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास . के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण हेतु हम सभी का योगदान और सहयोग आवश्यक है। इस शुभ अवसर पर गायघाट मंडल के वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष दामोदर प्रसाद पांडे, मंडल महामंत्री कमलेश चौहान, मंडल महामंत्री रामराज वर्मा, सेक्टर अध्यक्ष चंदनपुर मुन्नालाल वर्मा, सेक्टर अध्यक्ष नौसर गुमटियां राममूरत गुप्ता, सेक्टर अध्यक्ष पेट्रहा रामानंद चौहान, सेक्टर अध्यक्ष दौलतपुर दिनेश निषाद, पूर्व प्रधान दौलतपुर अवधेश निषाद, बूथ अध्यक्ष पंकज कुमार पांडे, फौजदार गुप्ता, अरविंद कुमार, राजकुमार (बूथ अध्यक्ष जगतापुर) सहित ग्राम पंचायत के सम्मानित मतदाता एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रमिक कल्याण योजनाओं से छह परिवारों को मिली 1.66 लाख की सहायता

## -पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को मिल रहा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत विकास भवन स्थित वीसी रूम में आयोजित कार्यक्रम में छह पंजी.त निर्माण श्रमिकों को कुल 1 लाख 66 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने की। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के माध्यम से पंजी.त निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रितों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे निर्माण श्रमिक, जिन्होंने पिछले 12 माह में कम से कम 90 दिन निर्माण कार्य किया हो, वे जनसेवा केंद्र (सीएससी) के माध्यम से अपना पंजीकरण कराकर




इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत पंजी.त पुरुष श्रमिक को पुत्र जन्म पर 26 हजार रुपये तथा पुत्री जन्म पर 31 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। वहीं पंजी.त महिला श्रमिक को पुत्र जन्म पर चिकित्सा बोनस सहित तीन माह के न्यूनतम वेतन तथा पुत्री जन्म पर चिकित्सा बोनस के साथ अतिरिक्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह हेतु स्वजातीय विवाह पर 65 हजार रुपये, अंतरजातीय विवाह पर 75 हजार रुपये तथा सामूहिक विवाह पर 85 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रितों को 25 हजार रुपये की एकमुश्त सहायता एवं 5 लाख रुपये की सावधि जमा (एमआईएस) तथा सामान्य मृत्यु की स्थिति में 25 हजार रुपये की सहायता और 2 लाख रुपये की सावधि जमा का लाभ दिया जाता है। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 1 से 5 तक 2 हजार रुपये, कक्षा 6 से 10 तक 2,500 रुपये, कक्षा 11 व 12 तक 3 हजार रुपये, स्नातक स्तर पर 12 हजार रुपये, आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए 12 हजार रुपये तथा स्नातकोत्तर स्तर पर 24 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। शोध कार्य के लिए 1 लाख रुपये तक की सहायता तथा आईआईएम, आईआईटी, एनआईटी, एनआईएफटी एवं राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की वास्तविक शुल्क प्रतिपूर्ति भी की जाती है। कार्यक्रम में अरविन्द प्रताप एवं रोहित पटेल को बालिका जन्म पर 31–31 हजार रुपये तथा विशाल बाबू, प्रवीण कुमार, गंभीर सिंह एवं सुनेहरी को बालक जन्म पर 26–26 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इस प्रकार कुल छह लाभार्थियों को 1.66 लाख रुपये की आर्थिक सहायता वितरित की गई। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त सहित श्रम विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी अमित आसेरी की प्रेरणा से शीतल जल एवं छबील वितरण कैंप ने पूरा किया अर्धशतक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। विश्व के मानसून में अग्रणी पहचान रखने वाला और कई वर्षों से अपनी विकराल गर्मी के लिए चर्चित उत्तर प्रदेश का जनपद बांदा, विपरीत परिस्थितियों में भी अपने साहस, संघर्ष और सेवा भावना के लिए विशेष पहचान रखता है। बुंदेलखंड की यह धरती वास्तव में गौरव और स्वाभिमान की प्रतीक है। भीषण गर्मी, हीटवेव और लू से लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से




जिलाधिकारी बांदा श्री अमित आसेरी की प्रेरणा से संचालित शीतल जल एवं छबील वितरण अभियान ने शुक्रवार को अपने 50 दिन पूरे कर अर्धशतक पूरा कर लिया। इस संचालित कैंप ने जरूरतमंद राहगीरों को शीतल जल, पेठा, चना, झलमूरी, बिस्किट एवं छबील का प्रतिदिन वितरण अलग अलग संगठन, समाजसेवी के द्वारा किया गया। इसी क्रम में आज 50वे दिन पीडब्लूडी परिवार द्वारा एडीएम न्यायिक माया शंकर यादव, अधीक्षण अभियंता पी डब्लूडी सीडी 1आर.के.सिंह, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी सीडी 2आर.के.सोनकर ने सपत्नीक,पीडब्ल्यूडी कॉन्टैक्टर यूनियन के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह,अंतर्राष्ट्रीय शूटर रामेंद्र शर्मा, समाजसेवीध्पत्रकार सुनील सक्सेना, यातायात प्रभारी महेन्द्र प्रताप सिंह आदि ने कैंप में उपस्थित होकर छबील वितरण में सहयोग किया। जिलाधिकारी श्री अमित आसेरी की इस अभिनव पहल को जनसहयोग का व्यापक समर्थन मिला है। पिछले 50 दिनों से विभिन्न समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों तथा सरकारी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर सहभागिता निभाते हुए मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। भीषण गर्मी और हीटवेव के प्रकोप के बीच लगातार संचालित इस अभियान के माध्यम से हजारों राहगीरों को राहत पहुंचाई गई। लोगों ने जिलाधिकारी की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा प्रेरणादायी प्रयास बताया। इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवियों ने कहा कि जनसहभागिता और प्रशासन के समन्वय से चलाया जा रहा यह अभियान मानव सेवा का एक उत्.ष्ट उदाहरण है, जिसने न केवल राहगीरों को राहत प्रदान की है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया है। गौरतलब है कि जिलाधिकारी अमित आसेरी की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ यह अभियान अब सेवा के 50 दिन पूरे कर एक नए कीर्तिमान की ओर अग्रसर है, जो समाज के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता और जनसहयोग की मिसाल बन गया है।

# पुलिस लाइन में अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन आयोजित

## –लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर दिया गया जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा, 19 जून, 2026। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों, थानाध्यक्षों तथा शाखा प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन आयोजित कर कानून–व्यवस्था की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। अपराध गोष्ठी के दौरान जनपद में घटित अपराधों की समीक्षा करते हुए अपराध नियंत्रण एवं कानून–व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाने पर बल दिया गया। लंबित विवेचनाओं के त्वरित, निष्पक्ष



एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरतारी तथा जनशिकायतों एवं ऑनलाइन शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में ई–साक्ष्य प्रणाली, अपराध एवं अपराधी अभिलेख प्रणाली, प्राथमिकी संबद्धीकरण, सड़क दुर्घटना प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक समन तामील, ऑपरेशन कन्विक्शन, गैंगस्टर एवं गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई, प्रस्तावित गैंगस्टर कार्रवाई तथा अपराधियों की सतत निगरानी की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें तथा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी एवं निरंतर कार्रवाई कर जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखें। गोष्ठी से पूर्व आयोजित सैनिक सम्मेलन में पुलिस कर्मियों की समस्याएं एवं आवश्यकताएं सुनी गईं। उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस कर्मियों के कल्याण, अनुशासन, कार्यकुशलता तथा बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चंद्र, सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इमामबाड़ों में ताजिया बनाने का काम तेज, युवाओं में खासा उत्साह

## -शहर के इमामबाड़ों में बढ़ी मोहर्रम की चहल-पहल, बुजुर्गों के साथ हाथ बंटा रहे नवयुवकय शाम होते ही महिलाएं पढ़ रहीं मरसिया

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। मोहर्रम माह शुरु होते ही इमामबाड़ों में ताजिए बनाने का काम शुरू हो गया। अब ताजिया बनाने में नवयुवक भी खासी रुचि दिखा रहे है। यही वजह है कि अपने कामकाज छोड़कर कई घंटे युवा ताजिया बनाने के लिए जुटे रहते हैं। शहर के मोहल्ला भटीपुरा में बडे ताजिये की बुनाई के लिए युवा दिन के अलावा रात में भी काम करते हैं। शहर के सभी ताजियो से हटकर अलग अंदाज में बड़ा ताजिया महीन बुनाई के साथ तैयार किया जाता है। ताजिया बनाने में युवाओं विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। मोहर्रम माह की तीन तारीख गुजर जाने के बाद अब ताजियेदार तेजी से ताजिए बनाने में जुट गए हैं। भटीपुरा के अलावा मकनियापुरा, दरियापुरा, कसौरा, भीतरकोट, हवेली दरवाजा, पठानपुरा, मिल्कीपुरा, काजीपुरा, नयारियनपुरा सहित तमाम मोहल्लों के इमामबाड़ों में आज कल ताजिया बनाने का काम चल रहा है। शाम होते ही लोग अपने कारोबार से निपटने के बाद इमामबाड़ो में पहुंचकर ताजिया बनाने के काम में हाथ बटाते हैं। बुर्जुग लोग भी युवाओं से ताजिया बनाने में सहयोग लेते हैं। हर इमामबाड़े के मुजावर ताजिया बनाने की जिम्मेदारी



निभाते हैं। कहीं पर मुजावर स्वयं ताजिया बनाते हैं तो कहीं पर बाहर से ताजिया कारीगरों को बुलाकर अब्रक की महीन कारीगरी के साथ ताजिये को तैयार कराया जाता है। मोहर्रम माह शुरू होते ही इमामबाड़ों में चहल पहल बढ़ गई है। शाम से देर रात तक ताजिया बनाने का काम चलता रहता है। कुछ लोग ताजिया बनाते हैं तो वहीं तमाम लोग इमामबाड़ों में बैठकर मरसिया सुनते रहते हैं। इतना ही नहीं शहर के इमाम चौकों पर शाम होते ही महिलाएं चिराग जलाकर मरसिया पढ़ती है। मोहर्रम की एक तारीख से 12 तारीख तक प्रतिदिन घरों के अलावा इमाम चौकों पर फातिहा होती है। हजरत हसन हुसैन की याद में हर साल इस त्योहार में गमगीन माहौल में मनाया जाता है। इंसेट मोहर्रम की तीन तारीख निकला गिरोह जुलूस,बंटा लंगर मोहर्रम की तीन तारीख को शहर के मोहल्ला चौसियापुरा के इमाम चौक से गिरोह जुलूस निकाला गया, गिरोह जुलूस सब्जी मंडी, ऊदल चौक, मगरिया, शेखनपुरा, बंधानवार्ड, लंधानपुरा, ढलैतनपुरा, न्यारियनपुरा से वापस चौसियापुरा में आकर समाप्त हुई। गिरोह जुलूस में बुजुर्ग, युवा सहित तमाम लोग इमाम हुसैन की यादव में मरसिये पढ़ते हुए चल रहे थे साथ ही निर्धारित मोहल्लों की इमाम चौकों पर फातिहा के बाद अकीदमंदों ने शर्बत, हलवा, बूंदी आदि लंगर लोगों में बांटा गया। सुरक्षा की .ष्टि से पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई जो मोहर्रम की पांच तारीख तक निकलने वाले गिरोह जुलूस में मुस्तैदी के साथ चलेंगे।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में आवेदन का सुनहरा अवसर

## –इटावा में 10 रिक्त पदों पर आवेदन आमंत्रित, 3 जुलाई तक करें अश्वनलाइन पंजीकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, 19 जून 2026। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत युवाओं के लिए रोजगारपरक अनुभव प्राप्त करने का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया गया है। प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार योजना के अंतर्गत उपलब्ध रिक्तियों पर अधिक से अधिक आवेदन एवं मैच–मेकिंग सुनिश्चित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। जनपद इटावा में वर्तमान समय में मन्नापुरम फाइनेंस लिमिटेड (डंददंचनतंउ थ्पदंदबम स्जक.) में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत 10 रिक्तियां पोर्टल पर प्रदर्शित की गई हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इन रिक्तियों के लिए शैक्षिक योग्यता स्नातक निर्धारित की गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 3 जुलाई, 2026 है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पोर्टल पर पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं।

# उत्थान आडिटोरियम में सम्पन्न हुई प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 19 जून। मा. प्रधानमंत्री जी के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के तहत शासन व जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जनपद में प्रा.तिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कपूरथला परिसर स्थित उत्थान ऑडिटोरियम में आयोजित 02 दिवसीय कार्यशाला के अन्तिम दिन आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति के साथ–साथ मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। डॉ. गोंड ने किसानों का आहवान किया कि प्रा.तिक खेती अपनाने की दिशा में आगे बढ़े। सांसद डॉ. गोंड ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भारतवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रा.तिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि के लिए केन्द्र व राज्य सरकार निरन्तर प्रयासरत हैं और अनेकों योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहाकि हमें पंजाब से सबक लेना होगा जहां के किसान बड़ी मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का प्रयाग कर अत्यधिक उत्पादन प्राप्त कर रहे थे। परन्तु आज पंजाब के खेत ऊसर हो गये हैं। डॉ. गोंड ने किसानों का सुझाव दिया कि कम से कम आधे खेत में जरूर प्रा.तिक खेती करें। प्रा.तिक खेती के माध्यम से प्राप्त उत्पादन की बाजार में बहुत मांग है जिसके कारण यह सामान्य अनाज के मुकाबले काफी अधिक कीमत में बिकता है। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने मानव स्वास्थ्य को .ष्टिगत रखते हुए हमें प्रा.तिक खेती की ओर लौटना होगा। श्री पाण्डेय ने किसानों को सुझाव दिया कि मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें। खेती किसानी में गोबर आधारित जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ाये तथा रासायनिक उर्वरक का प्रयोग कम से कम करें। एमएलसी पदमसेन चौधरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए किसानों को बताया कि वे स्वयं पूर्व में गेहूं, धान की खेती अच्छी तरह से करते थे। गेहूं की फसल के बाद ढैंचा सनई का उपयोग करता था, जिससे उत्पादन 4 से 5 कु. प्रति बीघे उत्पादन प्राप्त करता था। उन्होंने .षकों को प्रा.तिक खेती के साथ साथ कीटध्रोग नियन्त्रण हेतु लाइट ट्रैप, स्टिकी स्टिक को प्रयोग करने तथा फार्मर आईडी बनवाये जाने का भी सुझाव दिया। उप .षि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि विभागीय प्रयासों से जनपद में लगभग 15000 किसानो द्वारा प्रा.तिक खेती प्रारम्भ की गई है। केन्द्र व राज्य सरकार प्रा.तिक खेती के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि के लिये प्रयास किये जा रहे हैं। श्री वर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा किसानों को प्रा.तिक खेती के लिये जागरूक किया जा रहा है। प्रा.तिक खेती से जुड़ने का आहवान करते हुए श्री वर्मा ने बताया कि जिले में कोदो, सावां, रागी, मडुआ, ज्वार, बाजरा के बीज मिनीकिट निःशुल्क दर्शन–1 पोर्टल पर बुकिंग के माध्यम से उपलब्ध कराये जा रहे है। कार्यशाला के दौरान जिले के प्रगतिशील .षक अनिरूद्ध यादव व मगन बिहारी पाठक सहित कई महिला .षकों द्वारा प्रा.तिक खेती करने के अपने अनुभव साझा किये। .षि विज्ञान केन्द्र बहराइच के वैज्ञानिक डॉ.नन्दन सिंह, .षि विज्ञान केन्द्र नानपारा के .षि वैज्ञानिक डॉ. पीके सिंह ने उपस्थित किसानों को प्रा.तिक खेती की उपयोगिता व तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान की। .षि वैज्ञानिकों द्वारा .षकों को प्रा.तिक खेती अपनाकर पर्यावरण के संरक्षण, मानव स्वास्थ्य व भूमि की उर्वरा शक्ति में बढ़ोत्तरी के साथ–साथ आर्थिक स्थित में सुधार लाने का सुझाव दिया। कार्यशाला के दौरान सांसद डॉ. गोंड ने अन्य अतिथियों के साथ प्रा.तिक खेती करने वाले 10 किसानों को प्रमाण–पत्र तथा स्वानिधि योजना के तहत लाभार्थियों को स्वी.ति पत्र का वितरण किया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। कार्यशाला में आये हुए अतिथियों व किसानों द्वारा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर संस्.ति विभाग द्वारा पंजी.त सांस्.तिक दल राजकुमारी एण्ड पार्टी तथा स्थानीय लोक कलाकार बृजेश पुष्कर द्वारा गीत संगीत के माध्यम से किसानों को प्रा.तिक खेती के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक व ।

# टेट पास शिक्षामित्रों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर दिया कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही को ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। टेट उत्तीर्ण शिक्षामित्र उत्थान समिति उ.प्र. के तत्वाधान में प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही से उनके आवास पर मिला। मुलाकात में संगठन द्वारा पूर्व में किये गए कार्य महाकुम्भ में सेवा एवं सहायता कार्यक्रम की मंत्री के द्वारा सराहना की गई ,उसके पश्चात उपस्थित सभी टेट पास



शिक्षामित्रों ने मानदेय बढोत्तरी का सरकार को धन्यवाद देते हुए मंत्री के समक्ष 4 सूत्रीय मांगों का मांगपत्र दिया। प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू सिंह ने कहा प्रदेश में जितने भी टेट सीटेट उत्तीर्ण शिक्षामित्र है वह एन सी टी ई के अध्यापक बनने के सभी मानक पूरे करते हैं, कार्यानुभव एवं योग्यता को देखते हुए सरकार टेट पास शिक्षामित्रों को विशेष संविदा शिक्षकों (स्पेशल एजूकेटर्स) की भाँति नियमित करने का कार्य करे । 18 नवम्बर 2020 सुप्रीम कोर्ट आर्डर रामशरण मौर्य बनाम स्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश केस सं० 003707ध्2020 के परिप्रेक्ष्य में सरकार द्वारा दिये गये हलफनामे के सापेक्ष 51112 पदों पर टेट उत्तीर्ण शिक्षामित्रों को छूटध्सहूलियत देते हुए शिक्षक पात्रता परीक्षा (ज्म्ज्ध्ब्ज्म्ज) उत्तीर्ण योग्य शिक्षामित्रों को सुपर टेट (।ज्त्म्) से छूट प्रदान करते हुए सहायक अध्यापक पद पर नियमित किया जाए । मध्य प्रदेश राज्य द्वारा संविदा शिक्षकों (अतिथि शिक्षक) की भाँति उत्तर प्रदेश में भी टेट उत्तीर्ण शिक्षामित्रों को शिक्षक भर्ती में क्रमिक रूप से सीटों में 50: आरक्षण दिया जाए , तथा सरकार जब जब भर्ती निकाले शिक्षामित्रों को 50: सीटों में आरक्षण के साथ उम्र में छूट तथा भारांक देने का कार्य किया जाए। नॉन टेट शिक्षामित्रों को उनके कार्यानुभव को देखते हुए 12 माह का मानदेय एवं 62 वर्ष की सेवा करते हुए उचित मानदेय देते हुए शिक्षकों की भांति विभागीय टेट कराने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए । कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने उक्त मांगों के मांगपत्र को अपनी लेटर पैड लगाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक भेजने की बात कही। तथा पूर्ण रूप से भरोषा दिलाया कि हम आप के साथ है,तथा सरकार भी आपके साथ है। इस मुलाकात के दौरान प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू सिंह सहित जिला महामंत्री राजेश कुमार यादव, भगवती प्रसाद मौर्य, मुकेश वर्मा, कमलेश कुमार, सुभाष कुमार सहित अन्य टेट पास शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# बांदा को योगी सरकार की बड़ी सौगात: 32.39 करोड़ से चमकेगा बबेरू-तिन्दवारी-सुमेरपुर मार्ग

### -PWD ने शुरू किया 12 किमी लबे स्टेट हाईवे-134 का चौड़ीकरण और सु.ढ़ीकरण कार्य

### -11 मार्च 2026 से शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट 10 जून 2027 तक हर हाल में होगा पूरा

### -चमचमाती चौड़ी सड़क से बुंदेलखंड में बढ़ेगा व्यापार और जनता को मिलेगी जाम से मुक्ति

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बुंदेलखंड के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के संकल्प के तहत बांदा जिले को एक बड़ी सौगात दी है। क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए लोक निर्माण विभाग ने स्टेट हाईवे–134 के चौड़ीकरण और सु.ढ़ीकरण का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर कुल 32.39 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके पूरे होने से बबेरू, तिन्दवारी और हमीरपुर के सुमेरपुर क्षेत्र के बीच का सफर न सिर्फ आसान होगा बल्कि बुंदेलखंड में व्यापार और विकास की रतार को भी नए पंख लगेंगे। 12 किलोमीटर लंबा मार्ग बनेगा हाईटेक यह पूरा प्रोजेक्ट 12 किलोमीटर लंबे (स्टेट हाईवे–134 के कायाकल्प से जुड़ा है। वर्तमान में इस मार्ग पर यातायात का भारी दबाव



रहता है। जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती थी और सड़क जर्जर होने के कारण राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क की चौड़ाई बढ़ाने और इसे अत्यधिक मजबूत बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। आधुनिक तकनीकों और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों के इस्तेमाल से यहां चमचमाती सड़क बुंदेलखंड के गौरव को और बढ़ाएगी। समय सीमा हुई तय,10 जून 2027 तक पूरा होगा काम योगी सरकार की श्जीरो टॉलरेंसश नीति और समयबद्धता का असर इस प्रोजेक्ट पर भी साफ दिख रहा है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस परियोजना का निर्माण कार्य 11 मार्च 2026 से प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के कड़े निर्देशों का पालन करते हुए विभाग ने इसके पूरे होने की अंतिम तिथि 10 जून 2027 तय की है। अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि इस समय सीमा के भीतर हर हाल में काम पूरा किया जाए ताकि जनता को इसका लाभ जल्द से जल्द मिल सके। जाम से मुक्ति और व्यापार को मिलेगी नई रतार इस मार्ग के चौड़ीकरण से बांदा और आसपास के जिलों के बीच कनेक्टिविटी बेहद मजबूत हो जाएगी। भारी वाहनों और .षि उत्पादों को ले जाने वाले ट्रकों को अब संकरे रास्तों और जाम से नहीं जूझना पड़ेगा। सुमेरपुर और बबेरू जैसे बड़े व्यापारिक केंद्रों के सीधे जुड़ने से स्थानीय उद्योगों किसानों और छोटे व्यापारियों को अपनी उपज और माल मंडियों तक पहुंचाने में कम समय लगेगा। इससे डीजल और समय दोनों की बचत होगी। इस बड़ी सौगात के बाद स्थानीय जनता और व्यापारी वर्ग में खुशी की लहर है। क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि पूर्ववर्ती सरकारों में बुंदेलखंड को हमेशा उपेक्षित रखा गया। लेकिन योगी सरकार ने यहां एक्सप्रेस–वे और चमचमाती सड़कों का जाल बिछाकर इस पिछड़े क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। लोग जाम की समस्या से हमेशा के लिए निजात मिलने की उम्मीद में योगी सरकार की नीतियों और विकास कार्यों की जमकर सराहना कर रहे हैं।

# सब्जी की आड़ में हेरोइन का कारोबार, दुर्गावती पुलिस ने दबोचा आरोपी

### –6.73 ग्राम हेरोइन और 9 लीटर शराब बरामद, सब्जी दुकान की आड़ में चल रहा था अवैध धंधा

न्यूज वाणी ब्यूरो

दुर्गावती (कैमूर)। दुर्गावती थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड दुर्गावती मोड़ के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को हेरोइन और शराब के साथ गिरतार किया है। आरोपी सब्जी दुकान की आड़ में नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार कर रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से 6.73 ग्राम हेरोइन तथा उसकी निशानदेही पर 9 लीटर शराब बरामद की है। गिरतार



आरोपी की पहचान दुर्गावती थाना क्षेत्र के हरनांगपुर गांव निवासी शिवम कुमार के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि स्टेशन रोड स्थित एक सब्जी दुकान में हेरोइन और शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गुरुवार की रात करीब 8रू30 बजे छापेमारी की। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 6.73 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ और आरोपी की निशानदेही पर दुकान से 9 लीटर शराब भी बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने मादक पदार्थ और शराब को जब्त कर आरोपी को गिरतार कर लिया। दुर्गावती थानाध्यक्ष गिरीश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है।

# भीषण गर्मी में मुस्लिम युवा समाज ने पेश की मानवता की मिसाल

### -राहगीरों, मजदूरों और जरूरतमंदों को शीतल शरबत पिलाकर दी राहत, समाज सेवा को बताया सबसे बड़ा धर्म

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाह–फतेहपुर। जनपद में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और आसमान से बरसती आग के बीच जहां आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं सामाजिक संगठनों द्वारा लोगों की सहायता के लिए किए जा रहे प्रयास राहत का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में कस्बा शाह के अंतर्गत बांदा–टांडा मार्ग स्थित गोपालपुर चौराहे के पास खान स्टील(खान मार्केट)के निकट मुस्लिम युवा समाज द्वारा भव्य शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अधिवक्ता फिरोज खान एडवोकेट, जिला विधि सलाहकार, नेशनल मीडिया प्रेस क्लब जनपद फतेहपुर ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों, दुकानदारों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को शीतल शरबत वितरित कर गर्मी से राहत प्रदान की गई।कार्यक्रम के दौरान जुम्मा की नमाज के बाद मुस्लिम युवा समाज के सदस्य सेवा कार्य में जुट गए। सड़क से गुजरने वाले यात्रियों को रोककर सम्मान पूर्वक ठंडा एवं मीठा शरबत पिलाया गया। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच शीतल शरबत पाकर लोगों के चेहरों पर संतोष और खुशी दिखाई दी। राहगीरों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में मानवता, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं।इस अवसर पर कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे अधिवक्ता फिरोज खान एडवोकेट, जिला विधि सलाहकार, नेशनल मीडिया प्रेस क्लब जनपद फतेहपुर ने कहा कि वर्तमान समय में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे आम नागरिकों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में समाज के सक्षम लोगों और सामाजिक संगठनों का दायित्व बनता है कि वे जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है और जरूरतमंद लोगों की मदद करना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। मुस्लिम युवा समाज सदैव जनहित एवं समाजहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है और भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रखे जाएंगे।उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम, भाईचारा और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करने के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। जब विभिन्न वर्गों के लोग मिलकर मानव सेवा के कार्य करते हैं तो समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है और लोगों के बीच सौहार्द एवं सामाजिक समरसता बढ़ती है। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे



सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़कर भाग लें तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहें।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने मुस्लिम युवा समाज के इस प्रयास को सराहनीय बताते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में शरबत वितरण जैसे आयोजन लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल लोगों की प्यास बुझाते हैं बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और इंसानियत का संदेश भी देते हैं।शरबत वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से नसीम शेख,फैसल खान,मतीन शेख,अहद खान, लल्लू पठान(क्षेत्र पंचायत सदस्य)सहित मुस्लिम युवा समाज के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# क्षेत्रीय वन अधिकारी रत्नेश कुमार को भावभीनी विदाई, दीपक कुमार मिश्रा ने संभाला कार्यभार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के अंतर्गत मूर्तिहा रेंज में लगभग तीन वर्षों तक उत्.ष्ट सेवाएं देने वाले क्षेत्रीय वन अधिकारी रत्नेश कुमार के स्थानांतरण पर वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारों एवं ग्रामीणों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने वन एवं वन्यजीव संरक्षण, अवैध कटान पर नियंत्रण तथा स्थानीय लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर मूर्तिहा रेंज की कार्यप्रणाली को नई पहचान दिलाई।

स्थानांतरण के उपरांत क्षेत्रीय वन अधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने मूर्तिहा रेंज का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित विदाई एवं स्वागत समारोह में वन दरोगा अवनीश कुमार, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी ऋषभ प्रताप सिंह, वनरक्षक आशीष पाल सहित समस्त वन स्टाफ उपस्थित रहा। साथ ही कार्यक्रम में पत्रकार जुनैद खान, जैद खान, ओवैस रहमान, इमरान खान तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य ग्रामीणों की सहभागिता रही। इस मौके पर धर्मपुर रेंज से आए नए क्षेत्रीय वन अधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि मूर्तिहा रेंज वन्यजीवों और प्रा.तिक संपदा की .ष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से वन संरक्षण एवं वन्यजीव सुरक्षा के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया जाएगा। वन दरोगा अवनीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि रत्नेश कुमार का कार्यकाल हम सभी के लिए प्रेरणादायी रहा है। उनके नेतृत्व में टीम भावना और कार्य के प्रति समर्पण की भावना और अधिक मजबूत हुई। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नए क्षेत्रीय वन अधिकारी का स्वागत किया। विदाई समारोह के दौरान कई पल भावुक कर देने वाले रहे। पत्रकार इमरान खान ने अपने संबोधन में कहा कि रत्नेश कुमार केवल एक अधिकारी ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए सहज, सरल और सहयोगी व्यक्तित्व के धनी रहे हैं। उन्होंने हमेशा आमजन, पत्रकारों और वन विभाग के बीच बेहतर संवाद स्थापित किया, जिससे कार्यों में पारदर्शिता और विश्वास बना रहा। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारों एवं ग्रामीणों द्वारा रत्नेश कुमार को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई के समय उपस्थित लोगों की आंखें नम दिखाई दीं और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफलता की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदा किया।

# कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

## केक काटा, शरबत व प्रसाद वितरित कर दीर्घायु की कामना की

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिन्दकी,फतेहपुर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन गुरुवार को बिन्दकी में कांग्रेसजनों ने उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर केक काटकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई, वहीं राहगीरों को शरबत पिलाकर और प्रसाद वितरित कर सेवा भाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हेमलता पटेल व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शिवाकांत तिवारी के नेतृत्व में किया गया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से केक काटा



तथा एक–दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशियां साझा कीं। इस दौरान शिवाकांत तिवारी की चारधाम यात्रा सकुशल संपन्न होने की खुशी में प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए बिन्दकी के ललौली चौराहे पर शरबत वितरण शिविर लगाया गया, जहां बड़ी संख्या में राहगीरों और स्थानीय लोगों ने शरबत एवं प्रसाद ग्रहण किया। हेमलता पटेल ने कहा कि राहुल गांधी प्रेम, सद्भाव और न्याय की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं शिवाकांत तिवारी ने राहुल गांधी को जन–जन का नेता बताते हुए उनके उज्ज्वल और सफल जीवन की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आकाश शुक्ला, उदित अवस्थी, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मोहित कुमार वर्मा सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## अदालती नोटिस

प्राधिकारी वेतन भुगतान अधिनियम एवं सहायक श्रमायुक्त, फतेहपुर उ0प्र0।

वाद संख्याः– पी० डब्ल्यू0 विलम्ब मोचन/2025 पत्रांक 1686–87/फते0– पी0 डब्ल्यू0 01.अशोक उर्फ कल्लू उम्र करीब 43 वर्ष पुत्र गोरेलाल निवासी ग्राम जनता पो0 थाना व तहसील बिन्दकी, विकास खण्ड मलवॉ जिला फतेहपुर।

.....वादी पक्ष

बनाम 01. श्रीमती निर्मला देवी पत्नी रामप्रसाद वर्तमान ग्राम प्रधान निवासी ग्राम चूरामन खेड़ा, पो0 व थाना तहसील बिन्दकी, जिला फतेहपुर। 02. राघवेन्द्र सिंह सचिव ग्राम पंचायत चूरामन खेड़ा विकास खण्ड मलवॉ तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर द्वारा श्रीमान खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड मलवॉ जिला फतेहपुर।

......प्रतिवादी पक्ष

नोटिस

वादीगण द्वारा वेतन भुगतान अधिनियम 1936 के अन्तर्गत प्रतिवादी पक्ष के विरूद्ध संलग्न दावा प्रार्थना पत्र इस आशय से दाखिल किया गया है कि दावें में अंकित श्रमिकों को वेतन की धनराशि क्षतिपूर्ति सहित भुगतान करने हेतु प्रतिवादी पक्ष को निर्देशित किया जाये। प्रस्तुत दावे के सम्बन्ध में प्रतिवादी पक्ष को निर्देशित किया जाता है कि वह स्वयं अथवा अधि.त प्रतिनिधि, जो कि दावे के सम्बन्ध में समस्त तथ्यों से विज्ञ हो, तथ्य, साक्ष्य व अभिलेखों सहित इस न्यायालय में दिनांक 30.06.2026 को पूर्वारान्ह 11:30 बजे कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, आबूनगर आवास विकास रोड फतेहपुर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपर्युक्त के सन्दर्भ में प्रतिवादी पक्ष कों यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि वह उक्त तिथि को निर्धारित समय पर तथ्य, लिखित उत्तर साक्ष्य व कथन सहित उपस्थित नहीं होता है तो यह मान लिया जायेगा कि उन्हें कुछ नहीं कहना है तथा मामलें में एक पक्षीय सुनवाई/कार्यवाही कर निर्णय/आदेश पारित कर दिये जायेगें।

लालाराम प्राधिकारी वेतन भुगतान अधिनियम एवं सहायक श्रमायुक्त, फतेहपुर उ0प्र0।

# पेंशनरों को मिली बड़ी सौगात, पेंशनर कक्ष का हुआ लोकार्पण

## प्रभारी मंत्री व डीएम ने किया उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के पेंशनरों की सुविधाओं को ध्यान में रखते



हुए कोषागार परिसर में नवनिर्मित पेंशनर कक्ष का शुक्रवार को लोकार्पण किया गया। उत्तर प्रदेश शासन एवं कोषागार निदेशालय के निर्देशानुसार निर्मित इस कक्ष का उद्घाटन प्रदेश सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह तथा जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार पेंशनरों के सम्मान, कल्याण और सुविधाओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि नव निर्मित पेंशनर कक्ष से वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों को बैठने, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि शासन पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण और उनकी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि पेंशनर कक्ष का निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण प्रखंड, फतेहपुर द्वारा लगभग 19.83 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। वहीं क्रिटिकल गैप्स योजना के अंतर्गत फर्नीचर की व्यवस्था तथा बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा अपने सीएसआर फंड से वाटर कूलर उपलब्ध कराया गया है। उद्घाटन समारोह के बाद प्रभारी मंत्री एवं जिलाधिकारी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत अशोक के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, वरिष्ठ कोषाधिकारी योगेश कुमार पाण्डेय, सिविल पेंशनर संघ के जिलाध्यक्ष कालीशंकर श्रीवास्तव, बेसिक शिक्षा पेंशनर संघ के अध्यक्ष रसीद अहमद सहित विभिन्न पेंशनर संगठनों के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे। यह खबर अखबार की शैली में तैयार की गई है, जिसमें इंट्रो, तथ्य और सरकारी कार्यक्रम का संतुलित विवरण शामिल है।

# कानून-व्यवस्था व जनसरोकारों पर एसपी सख्त

## कल्यानपुर थाने का किया औचक निरीक्षण,थाने की जनसुनवाई में सुनीं फरियादे, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में कानून–व्यवस्था को और अधिक चुस्त–दुरुस्त बनाने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक एक्शन मोड में नजर आए। शुक्रवार को उन्होंने थाना कल्यानपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की, वहीं जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की शिकायतें सुनकर उनके त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश भी दिए। एसपी की मौजूदगी से थाना परिसर में पूरे समय सक्रियता और सतर्कता का माहौल बना रहा। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ–सफाई, अभिलेखों के रख–रखाव, बैरक, पुलिस



आवास, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कार्यालय, शस्त्रागार, भोजनालय, मिशन शक्ति कक्ष, मालखाना, हवालात समेत विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने, परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा पुलिस कार्यों को प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत थाना परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान एसपी ने फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने पर विशेष बल दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता को बेहतर पुलिसिंग उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी शिकायत को हल्के में न लिया जाए और प्रत्येक मामले में निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और तत्परता के साथ करने के निर्देश दिए। एसपी के निरीक्षण और जनसुनवाई कार्यक्रम से यह स्पष्ट संदेश गया कि पुलिस प्रशासन कानून– व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ–साथ आमजन की समस्याओं के समाधान के प्रति भी पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# रिश्तों में लौटी मिठास, दो बिखरे घर फिर हुए आबाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आपसी मनमुटाव और वैचारिक मतभेदों के कारण टूटन की कगार पर पहुंचे दो परिवारों में शुक्रवार को फिर से खुशियों ने दस्तक दी। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन में संचालित महिला सहायता प्रकोष्ठ एवं परिवार परामर्श केंद्र की प्रभावी काउंसलिंग के बाद दो दंपतियों के बीच समझौता हो गया और दोनों ने गिले–शिकवे भुलाकर एक साथ जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया। पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में आयोजित काउंसलिंग सत्र के दौरान काउंसलर कविता रस्तोगी ने दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और धैर्यपूर्वक संवाद स्थापित कर रिश्तों में आई दूरियों को कम करने का प्रयास किया। सकारात्मक माहौल में हुई बातचीत का परिणाम यह रहा कि लंबे समय से चले आ रहे



विवाद समाप्त हो गए और दोनों दंपति पुनः साथ रहने के लिए सहमत हो गए। समझौते के बाद परिवारजनों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ दिखाई दी। परामर्श केंद्र की इस पहल ने एक बार फिर साबित किया कि संवाद और समझदारी के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान संभव है। काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान महिला आरक्षी अनीता मिश्रा एवं महिला आरक्षी यशस्वी शर्मा भी मौजूद रहीं।

# राहुल गांधी का जन्मदिन हरगांव विधान सभा क्षेत्र मे मनाया गया

## -राहुल गांधी के सपने का हरगांव बनाने का संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

हरगांव–सीतापुर 19 जून हरगांव विधान सभा क्षेत्र मे विध



ाान सभा क्षेत्र के प्रभारी ध् जिलाध् यक्ष ख अनुव कांग्रेस , विष्णु गौतम , जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ख संगठन , शिव प्रकाश सिंह की अध्यक्षता मे विधान सभा क्षेत्र के ब्लाक अध्यक्ष , मंडल अध्यक्षो और बूथ अध्यक्षो ने राहुल गांधी का जन्मदिन संकल्प दिवस के रूप मे हरगांव विधान सभा क्षेत्र कांग्रेस कार्यालय पर मनाया गया । इस अवसर पर विधान सभा क्षेत्र हरगांव के प्रभारी व जिलाध्यक्ष ख अनु व कांग्रेस , विष्णु गौतम ने कहा राहुल गांधी के जन्मदिन पर हम संकल्प लेते है की हरगांव विधान सभा क्षेत्र को राहुल गांधी के सपने का विधान सभा क्षेत्र बनायेंगे जहां नफरत की राजनीति के खिलाफ भाईचारे की राजनीति को आकार दिया जायेगा । इस अवसर पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ख संगठन , शिव प्रकाश सिंह ने कहा राहुल गांधी के सपने का संगठन बनाने के लिए संगठन के अंदर मौजूद जनाधार विहीन और भाजपा के ष स्लीपर सेल ष से मुक्त कराकर सीतापुर कांग्रेस को मजबूत और जनपक्षधर बनाना है । इस अवसर पर कांग्रेस के युवा नेता सत्यम दीक्षित ने कहा हरगांव मे कांग्रेस को अवसरवादियो से मुक्त कराना है तभी राहुल गांधी का सपना पूरा होगा । इस अवसर पर डां बृजबिहारी ने कहा भाजपा ने हरगांव विधान सभा क्षेत्र को जातीय विद्वेष , धार्मिक उन्माद और उत्पात की राजनीति का केंद्र बना दिया और खुद को विपक्ष बताने वाले भाजपा की इस साजिश के खिलाफ आत्मसमर्पण कर चुके है अब विष्णु गौतम के नेतृत्व मे हरगांव विधान सभा क्षेत्र मे भाजपा की जन विरोधी साजिश के खिलाफ कांग्रेस जन विकल्प देगी । इस अवसर पर आईपीएफ के कार्यकारी जिला संयोजक कन्हैयालाल कश्यप , शादाब , मुन्नान हीरालाल गौतम , महाबीर, लल्लूराम दीक्षित , जय प्रकाश सिंह , निर्मल, रामनाथ गौतम , दीपक गौतम और कार्यालय प्रभारी आकाश भारती सहित मंडल अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे और हरगांव विधान सभा क्षेत्र को राहुल गांधी के सपने का विधान सभा क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया गया ।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों का उच्चस्तरीय निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा आगामी 21 जून को प्रस्तावित रुन्च्छ्ड / उलवहपंकपजलंदंजी के प्रस्तावित कार्यक्रम के .ष्टिगत /।क्र्ळवदच्त्तंलहतंर ज्योति नारायण द्वारा जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अध ीक्षक शशांक सिंह /ीपदहीपचे के साथ संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल मोदी ग्राउंड एवं गोरखगिरि पर्वत का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम से संबंधित सभी संभावित मार्गों, पार्किंग स्थलों एवं सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न बिंदुओं का गहन परीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यक्रम के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक सु.ढ़ एवं चाक–चौबंद बनाए जाने



के निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासन के समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से डॉक्टर की मौत

## हरदासपुर मोड़ पर हुआ हादसा, मौके पर ही तोड़ा दम ,चालक फरार, पुलिस जांच में जुटी

न्यूज वाणी ब्यूरो /खागा, फतेहपुर। शुक्रवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से एक चिकित्सक की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अंजना कबीर निवासी डॉ. हाशिम किसी निजी कार्य से खखरेरू आए हुए थे। कार्य निपटाने के बाद वह वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान हरदासपुर मोड़ के समीप पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि डॉ. हाशिम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। कुछ समय के लिए सड़क पर जाम जैसी स्थिति भी बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर यातायात सामान्य कराया। डॉ. हाशिम की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली, घर में चीख–पुकार मच गई। क्षेत्र के लोगों और चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई



की जाएगी। डॉ. हाशिम के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है और लोगों ने दुर्घटना के लिए जिम्मेदार चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



# पट्टी शाह मर्डर : 14 को सजा ए उम्र कैद, 38-38 हजार का जुर्माना

## - बकरीद के जुलूस में 18 साल पहले दो पक्षों के बीच हुआ था विवाद

## - इस हमले में बसपा नेता के पुत्र व उनके अंगरक्षक की हो गई थी मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला के हथगाम थाना क्षेत्र के पट्टीशाह गांव में 18 साल पहले हुए डबल मर्डर केस का बहुप्रतीक्षित फैसला सुना दिया गया। न्यायाधीश ने इस मामले में 14 को उम्र कैद की सजा सुनाई। इन सभी पर 38–38 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। बताना जरूरी है कि इस हत्याकांड के दो आरोपियों की मौत हो चुकी है। एक अभियुक्त, तीन साल पहले अखरी गांव में हुए ट्रिपल मर्डर के आरोपी के तौर पर पहले से ही जेल में रहकर सजा काट रहा है। बताते चलें कि 7 दिसंबर 2008 के शाम 4 बजे मातम



जुलूस के दौरान हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट के दौरान खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया था। हथगाम थाना क्षेत्र के पट्टीशाह गांव में दो पक्षों में मारपीट के साथ गोलियां चली थीं। जिसमें बसपा नेता मज़हर हैदर नकवी उर्फ मज्जू मियां के बेटे रियाज अतहर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी जबकि उनके अंगरक्षक शमशाद ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। इस हमले में बसपा नेता भी गंभीर रूप से घायल हुए थे। दूसरे पक्ष से रईस को भी गोली लगी थी। जिला सत्र एवं न्यायाधीश सुधीर कुमार की अदालत में गुरुवार सुनवाई के बाद शुक्रवार को भी यह मामला पेश हुआ।जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल दुबे ने पक्ष रखा। सारी दलील सुनने के बाद न्यायाधीश ने धारा 302 के तहत शरीफ, रईस सफीक पुत्रगण लतीफ, साबिर, सादिक, मुन्नू सिंह, वाजिद, अशोक, मोईन, संजय, निहाल, इसराईल,सगीर व रईस को आजीवन कारावास की सजा के साथ 38– 38 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। इनमें से साबिर पर असला रखने के आरोप में 5000 का अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया गया है।

### ... और चर्चा में आया बच्छन व सलाम का नाम

फतेहपुर। जिले के पट्टी शाह मर्डर के आरोपियों में बच्छन व सलाम भी शामिल थे। जिनकी मुकदमा के दौरान मौत हो चुकी है। जिस वक्त फैसला आया बाहर इनका भी चर्चा के दौरान नाम आया।

### एक अभियुक्त ट्रिपल मर्डर का आरोपी

फतेहपुर। पट्टी शाह मर्डर के आरोपियों में शामिल अखरी गांव निवासी मुन्नू सिंह पहले से ही जेल में है। जो अखरी गांव में हुए ट्रिपल मर्डर का आरोपी है। इस मामले के सभी अभियुक्तों पर पूर्व में ही गैंगेस्टर एक्ट के तहत भी दोष सिद्ध हो चुका है।

# गर्भवती महिला की मौत के बाद भाजपा नेताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## वन-वे और आर्थिक सहायता की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के देवीगंज ओवरब्रिज के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक गर्भवती महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों और स्थानीय नेताओं में गहरा आक्रोश है। मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी फतेहपुर को एक मांग पत्र सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वाले मुख्य नेताओं में राजा सिंह कछवाह (पूर्व जिला प्रवक्ता), शिव बालक निषाद (पूर्व सह–विधानसभा प्रभारी) और पंकज मिश्रा (पूर्व जिला महामंत्री किसान मोर्चा) शामिल हैं। इन नेताओं ने इस पत्र के माध्यम से भविष्य में ऐसी दर्दनाक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन से ठोस और त्वरित कदम उठाने की मांग की है। जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि विगत दिवस को देवीगंज ओवरब्रिज के पास एक गर्भवती महिला दवाई लेने के लिए सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक रोडवेज बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि उस महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा नेताओं ने दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी के समक्ष छह सूत्रीय मांगें रखी हैं। उन्होंने मांग की है कि ओवरब्रिज से लेकर राधानगर थाना तक की सड़क को तत्काल वन–वे (एकतरफा मार्ग) घोषित किया जाए और दुर्घटना वाले संवेदनशील स्थान पर गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) का निर्माण कराया जाए। इसके अलावा, उन्होंने वर्तमान में आरटीओ स्टाफ और पुलिस द्वारा उसी स्थान पर की जाने वाली चेकिंग का विरोध करते हुए कहा कि जांच के डर से वाहन चालक हड़बड़ाहट में इधर–उधर भागते हैं, जिससे हादसे का खतरा बढ़ता है। नेताओं ने इस चेकिंग पॉइंट को गाजीपुर बस स्टॉप के पास स्थानांतरित करने का सुझाव दिया है। इसके साथ ही, पत्र में मृतका के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासन से पीड़ित परिजनों को तत्काल सरकारी आर्थिक सहायता और दुर्घटना बीमा का लाभ दिलाने का अनुरोध किया गया है। इसके अतिरिक्त, यातायात को सुगम बनाने के लिए पूर्व जिलाधिकारी सी. इन्दुमती के कार्यकाल के दौरान ओवरब्रिज के नीचे स्थापित कराई गई सब्जी मंडी को पुनः वहीं शुरू कराने और क्षेत्र में टैम्पो व ई–रिक्शा स्टैंड का स्थान निश्चित करने की भी मांग की गई है, ताकि मुख्य मार्ग से भीड़भाड़ कम हो सके और ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह सुव्यवस्थित हो सके। नेताओं ने उम्मीद जताई है कि जिलाधिकारी जनहित में इन बिंदुओं पर गंभीरता से ध्यान देते हुए जल्द ही उचित निर्देश जारी करेंगे।

# चार पहिया की टक्कर से चचेरे भाई घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़नपुर के समीप शुक्रवार की सुबह चार पहिया वाहन की टक्कर से चचेरे भाई घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी शिवदास का 50 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र कुमार अपने चचेरे भाई राहुल पुत्र उमाशंकर 25 निवासी बलियापुर थाना राधानगर के साथ बाइक से शहर से गांव जा रहे थे। जैसे ही यह लोग बड़नपुर के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनो घायल हो गये सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल चचेरे भाईयों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# सीएचसी हरदों में सीएमओ का औचक निरीक्षण

## अधीक्षक समेत कई कर्मचारियों का वेतन रोका

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हरदों में शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. उदयभान सिंह के औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मचारियों की अनुपस्थिति, गंदगी, अभिलेखों में खामियां तथा स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही मिलने पर सीएमओ ने अधीक्षक समेत कई कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब करते हुए उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. सरल सोनी अनुपस्थित मिले। इसके अलावा आरबीएसके टीम के चिकित्सक डॉ. जफर और डॉ. पुष्पेंद्र, बीपीएम ऐश्वर्या तथा अन्य कर्मचारी भी ड्यूटी से गायब पाए गए। लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे डेंटल सर्जन डॉ. वीरेंद्र चौधरी का कक्ष बंद मिलने पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए उनका वेतन रोकने



के निर्देश दिए। डीसीपीएम सुधीर शर्मा द्वारा सही जानकारी न देने पर भी कार्रवाई की गई। सीएमओ ने उपस्थिति रजिस्टर की जांच के दौरान कर्मचारियों के पद अंकित न पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिना पदनाम के यह पता लगाना मुश्किल है कि कौन कर्मचारी किस जिम्मेदारी पर तैनात है। निरीक्षण में अस्पताल परिसर, ड्रेसिंग रूम तथा कर्मचारियों के कक्षों में गंदगी और मकड़ी के जाले पाए गए। डाटा ऑपरेटरों एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों की लापरवाही पर उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। अस्पताल का जनरेटर खराब मिलने और इंजेक्शन कक्ष की वायरिंग जर्जर होने पर भी जवाब तलब किया गया। एफआरयू सेंटर होने के बावजूद अस्पताल में जच्चा–बच्चा मृत्यु दर और अन्य स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों का कोई डिस्प्ले बोर्ड नहीं मिला। इस पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए अस्पताल प्रशासन से पिछले तीन वर्षों में कराए गए विकास कार्यों तथा खर्च की गई धनराशि का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करने को कहा है। दवा भंडार कक्ष के निरीक्षण में एंटी रेबीज वैक्सीन की कमी मिलने पर फार्मासिस्ट जगतपाल सिंह से स्पष्टीकरण मांगा गया। वहीं स्टोर रूम में बड़ी संख्या में सी–सीबीएसी फॉर्म डंप मिलने पर भी अधीक्षक को फटकार लगाई गई। निरीक्षण के दौरान स्टाफ नर्स अंशिका द्वारा की गई शिकायत के बाद उन्हें कथित रूप से धमकाने का मामला भी सामने आया। सीएमओ ने इसे गंभीरता से लेते हुए अधीक्षक से अलग से जवाब मांगा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और कर्मचारियों के उत्पीड़न को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानुपर थाना क्षेत्र के कंसपुर स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरकर 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बलिया जनपद के थाना सुखपुरवा गांव धर्मपुरवा निवासी हीरा गौड़ की पुत्र त्रिभवन ट्रेन से अपने घर जा रहा था। बताते है कि जब ट्रेन कंसपुर स्टेशन के समीप पहुंची तभी अचानक त्रिभवन जो दरवाजे पर बैठा था। अचानक गिर गया और उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

# 'नारी गौरव गैलरी' का लोकार्पण, बेटियों को मिलेगा प्रेरणा का नया मंच

### –विकास भवन परिसर में विधायक ने किया अनावरण, महिला सशक्तीकरण योजनाओं की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत विकास भवन परिसर में स्थापित श्नारी गौरव गैलरीश का अनावरण सदर विधायक सरिता भदौरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम तथा जिला प्रोबेशन अधि



ाकारी विनय कुमार सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बताया गया कि नारी गौरव गैलरी का उद्देश्य बेटियों को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना है। साथ ही कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, महिलाओं को घरेलू हिंसा से सुरक्षा प्रदान करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़कर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रध ाानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित महिला कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी कानूनी प्रावधानों से भी लोगों को अवगत कराया गया तथा विभागीय योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु पंपलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं अन्य विभागों के अधि ाकारियों–कर्मचारियों ने सहभागिता कर महिला सशक्तीकरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर सेवा का संदेश

## कांग्रेसियों ने वृद्धाश्रम पहुंच बांटा फल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर शुक्रवार को जनपद भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सेवा, सम्मान और सामाजिक सरोकारों के साथ कार्यक्रम आयोजित किए। खागा में जहां कांग्रेसियों ने केक काटकर राहुल गांधी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की वहीं मवैया स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के बीच फल वितरित किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। खागा कस्बे में जिला उपाध्यक्ष कलीम उल्ला सिद्दीकी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में प्रकाश पांडेय, सलीम शेख, आरिफ खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर राहुल गांधी के जन्मदिन को उत्साहपूर्वक मनाया और उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए दीर्घायु की कामना की। उधर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश द्विवेदी, शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा, शेख एजाज अहमद, प्रवक्ता ई. देवी प्रकाश दुबे, सैयद सहाब अली समेत अन्य कांग्रेसजन मवैया वृद्धाश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने वृद्धजनों को फल वितरित कर उनका हालचाल जाना तथा उनके साथ समय बिताकर सम्मान व्यक्त किया। कहा कि राहुल गांधी आज देश के करोड़ों लोगों की उम्मीदों के प्रतीक बनकर उभरे हैं। उनके जन्मदिन पर बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त करना और



इस मौके पर जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि समाज में बढ़ती संवेदनहीनता चिंता का विषय है। जिन माता–पिता ने अपने बच्चों को पाल–पोसकर बड़ा किया, कई बार वही बुजुर्ग जीवन के अंतिम पड़ाव में उपेक्षा के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिन पर बुजुर्गों के बीच पहुंचकर उनका आशीर्वाद लेना और उनकी सेवा करना सबसे बड़ा सम्मान है। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने उनके चेहरे पर मुस्कान लाना ही इस आयोजन का उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सेवा और मानवता का संदेश देते हुए कहा कि राजनीति केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के प्रति संवेदनशीलता का भी नाम है। राहुल गांधी के जन्मदिन पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने सामाजिक सरोकार और मानवीय मूल्यों को मजबूती से सामने रखा।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू (भूमिपुत्र) का प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किसानों की ज्वलंत समस्याओं और ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भूमिपुत्र) ने शुक्रवार को जिलाध्यक्ष पवन कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर त्वरित समाधान की मांग उठाई। संगठन ने बिजली, खाद, सड़क, जल निकासी, सिंचाई और पेयजल जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। ज्ञापन में कहा गया कि धान की बुवाई का समय चल रहा है, ऐसे में किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। संगठन ने पूर्व की भांति दिन–रात निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही किसानों को समय पर खाद उपलब्ध न होने से खेती प्रभावित होने की बात कहते हुए पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। भाकियू (भूमिपुत्र) ने चौड़गरा स्थित दुग्ध अवशीतन केंद्र को पुनः संचालित करने की मांग उठाई, जिससे क्षेत्र के दुग्ध उत्पादक किसानों को लाभ मिल सके। वहीं औरई गांव के निर्मल नगर मोहल्ले में जल निकासी की गंभीर समस्या को देखते हुए घोसीपुरा मार्ग के दोनों ओर नाला निर्माण कराने की मांग भी की गई। संगठन ने बहरामपुर–सातों–नरैनी मार्ग की जर्जर हालत पर चिंता जताते हुए तत्काल सड़क निर्माण की मांग की। इसके अलावा औरई गांव में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में धाता विकासखंड के जहांगीर नगर गांव के समीप स्थित नहर पुलिया के चौड़ीकरण की मांग भी उठाई गई। किसानों का कहना है कि पुलिया संकरी होने के कारण बसों और बड़े वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है। वहीं जहांगीर नगर पशु



चिकित्सालय में पेयजल व्यवस्था न होने का मुद्दा उठाते हुए वहां शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई। किसान नेताओं ने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन किसानों के हित मेंआंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रेम सागर मिश्र, कृष्णकांत, विकास बाबा, सोमनाथ विश्वकर्मा, धनंजय पटेल, नितेश कुमार, रामकिशोर, ओमप्रकाश साहू, राजबहादुर, विद्या भूषण अवस्थी समेत बड़ी संख्या में किसान एवं संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# समस्याओं पर मुखर हुआ व्यापार मंडल

## व्यापारियों की समस्या को लेकर मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। कृषि उत्पादन मंडी समिति खागा–किशनपुर से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (मिश्र गुट) ने व्यापारियों की आवाज बुलंद की है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मंडी सचिव के माध्यम से मंडी परिषद के महानिदेशक को ज्ञापन भेजकर व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मंडी सचिव सतीश चंद्र तिवारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि मंडी समिति द्वारा दुकानों के किराए में प्रतिवर्ष छह प्रतिशत की वृद्धि किए जाने से व्यापारियों पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। संगठन ने इस व्यवस्था को समाप्त कर पूर्व निर्धारित किराया प्रणाली बहाल किए जाने की मांग की। ज्ञापन में वर्ष 2010 में जारी



शासनादेश का हवाला देते हुए कहा गया कि शासन द्वारा निर्धारित कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का अब तक पूर्ण रूप से अनुपालन नहीं कराया गया है, जिसके चलते व्यापारियों को अनेक प्रशासनिक एवं व्यावसायिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार मंडल ने शासनादेश के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग करते हुए व्यापारिक हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। व्यापारियों ने मंडी के ऑनलाइन पोर्टल की तकनीकी खामियों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि पोर्टल पर आवश्यक सूचनाएं समय से उपलब्ध नहीं होतीं, जिससे कारोबार प्रभावित होता है। लेन–देन, अभिलेखों और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों के अद्यतन न होने से व्यापारियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में नई मंडी व्यवस्था को लेकर व्यापारी प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करने, दुकानों के किराए में छह प्रतिशत वार्षिक वृद्धि समाप्त करने, वर्ष 2010 के शासनादेश का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा ऑनलाइन पोर्टल की तकनीकी खामियों को दूर करने की मांग की गई है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र, जिला महामंत्री दयाशंकर गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष कुंवरे सिंह, जिला चेयरमैन विनता प्रसाद अग्रहरि, प्रांतीय मंत्री प्रकाश पाण्डेय समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि यदि व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन की रणनीति पर भी विचार करेगा।

# शादी से इंकार पर वधू ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## 19 जून को आनी थी बारात

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शादी से तीन दिन पूर्व वर पक्ष द्वारा मना कर देने से क्षुब्ध 25 वर्षीय युवती ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त ली। घटना खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुजानीपुर की है। जानकारी के अनुसार सुजानीपुर गांव निवासी स्व0 किशन सिंह चौहान की पुत्री पूजा देवी शादी औरैया जनपद निवासी रामसिंह के साथ तय हुयी थी। 19 जून को बारात आनी थी। तेल वाले दिन वर पक्ष की ओर से फोन आया और शादी से इंकान दिया। यह सुन वधू पक्ष वालो के पैरो तले जमीन खिसक गयी। उधर जब वधू को यह पता चला कि वर पक्ष वालो ने शादी से इंकार कर दिया तो वह अन्दर से टूट और बीती रात उसने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब घर के सभी लोग गहरी नींद सो रहे थे। सुबह जब परिजनों की नींद खुली और फांसी पर लटका पूजा का शव देख घर में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में घटना के बाबत जानकारी मृतका का भाई बलराम ने दी है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )